हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- स्मार्ट सिटी से लेकर निगम मुख्यालय और जोन के अधिकारियों से व्यापारियों ने की शिकायत
- अफसर उदासीन डेढ़ साल से समस्या, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल?

## 12 करोड़ के जवाहर बाजार की तस्वीरें देखिए... लोअर बेसमेंट का बुरा हाल, छत से टपक रहा पानी, दीवारें बदरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा मालवीय रोड में 12 करोड़ खर्च कर बनाये गये जवाहरबाजार के लोअर बेसमेंट का बुरा हाल है। नवनिर्मित जवाहर बाजार की छत से पानी टपक रहा है। सीपेज के कारण दीवारें बदरंग होने लगी हैं। जवाहर बाजार के व्यापारियों ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा, जोन 4 के आयुक्त से लेकर स्मार्ट सिटी के विभागीय अधिकारियों से



की है। इसके बाद भी समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया। यह समस्या पिछले डेढ़ साल से बनी हुई है, जिसकी ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। व्यापारियों को आशंका है, यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में करोड़ों खर्च कर बनाए जवाहर बाजार की नींव कमजोर हो सकती है। विदित हो, नगर निगम की जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के बेसमेंट का भी यही हाल है, जहां अक्सर पानी भरा रहता है। दरअसल, राजधानी के नवनिर्मित जवाहरबाजार ▶▶ शेष पेज 13 पर




### ग्राउंड वाटर का लीकेज है, इस्टीमेट बना रहे

*जवाहर बाजार के लोवर बेसमेंट में लीकेज की समस्या है। हमने इसका सर्वे कराया है, वहां ग्राउंड वाटर का लीकेज ज्यादा है, इसके लिए इस्टीमेट बना रहे हैं। इसके बाद समस्या दूर की जायेगी।*

*- पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## खबर संक्षेप

### सीआरपीएफ का रोजगार मेला आज



**रायपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सोमवार को देश के विभिन्न 45 स्थानों पर एक साथ रोजगार मेले का दूसरा चरण आयोजित करने जा रहा है। राज्य में रोजगार मेला सीआरपीएफ के आरंग स्थित भिलाई गांव में उप महानिरीक्षक कार्यालय में लगाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। उक्त अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के अन्य वीवीआईपी के साथ उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की संभावना है। उक्त कार्यक्रम को पीएमओ कार्यालय और गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### आसान किस्तों में प्लाट देने का झांसा, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने आसान किस्तों में पैसा जमाकर प्लाट देने का झांसा देकर ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तनु कंस्ट्रक्शन के मालिक अवंति विहार निवासी देवतनु चक्रवर्ती को लक्ष्मीकांत गुप्ता की शिकायत पर धर-दबोचा। जालसाज ने लक्ष्मीकांत को कुम्हारी में प्लाट देने बुकिंग कर 15 वर्ष तक किस्तों में तीन लाख 60 हजार रुपए लेकर ठगी की।

### बच्चे को पालने का झांसा देकर महिला से रेप



**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ उसके साथ शादी कर बच्चे को पालने का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, मौलीपारा निवासी 33 वर्षीय महिला ने यशवंत कुमार निर्मलकर के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है।

### पेट्रोल पंप कर्मी ने की 15 लाख की ठगी




**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक पेट्रोल पंप संचालक ने अपने कर्मी के खिलाफ 15 लाख रुपए अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवपुरी स्थित एचपी पेट्रोल पंप संचालक कुलविंदर कौर भाटिया ने अपने मैनेजर राजेंद्र पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कुलविंदर ने पुलिस को बताया कि पेट्रोल लेने के एवज में पेटीएम की गई रकम को मैनेजर ने आहरण कर अमानत में खयानत की है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** अभनपुर के आरंग-नवापारा मुख्य मार्ग पर ग्राम कोलियारी के अटल चौक के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम कोशमखुटा निवासी लेखराम साहू है। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में हुई है।

### आरी से ताला काटकर दिया वारदात को अंजाम, चौकीदार को भनक तक नहीं लगी

## जैन मंदिर में चोरों ने बोला धावा, 9 किलो चांदी के छत्र समेत 50 सामान साथ ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में चोरों का उत्पात जारी है। बीती रात चोरों ने लाभांडी स्थित प्रतिष्ठित जैन मंदिर को निशाना बनाया। जैन मंदिर में चोरी करने घुसे चोरों ने आरी से ताला काटकर मंदिर के अंदर प्रवेश किया और मूर्ति को छोड़ मंदिर के अंदर रखे सभी सोने-चांदी के कीमती सामान चोरी कर ले गए। लभांडी स्थित पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर से चोर सोने-चांदी के 50 से ज्यादा सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरों ने भगवान की मूर्ति के सिर पर सजे मुकुट तथा नौ किलो के करीब चांदी के छत्र भी चोरी कर अपने साथ ले गए हैं। मंदिर की रखवाली करने रात में एक गार्ड भी था। पूछताछ करने पर गार्ड ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उनकी आंख लग गई थी, इस वजह से उसे चोरी की भनक नहीं लग पाई। चोरी की घटना रात डेढ़ से दो बजे के करीब की है।

- दो अन्य घटनाओं में 25 लाख से अधिक की चोरी, टिकरापारा में एफआईआर तक नहीं




### सीसीटीवी के तार काटे

पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में लोहे का मुख्य दरवाजा होने के साथ अंदर लकड़ी के दो छोटे दरवाजे हैं। मंदिर प्रबंधन रात में पूजा करने के बाद मुख्य दरवाजे के साथ अंदर लकड़ी के एक अन्य दरवाजे में अंदर से ताला लगाकर लकड़ी के दूसरे दरवाजे में बाहर से ताला लगाकर चले गए। चोर बाहर लकड़ी के दरवाजे में लगे ताले को आरी से काटकर मंदिर के अंदर प्रवेश किए। मंदिर के अंदर प्रवेश करने के बाद चोरों ने सबसे पहले मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काटे, उसके बाद चोरी की।

### एफआईआर दर्ज नहीं

टिकरापारा तरुण नगर निवासी नरेश शिववंशी ने दूर के रिश्तेदार के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी एक लाख रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की 10 दिन पूर्व थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने नरेश से सादे कागज में शिकायत लेकर अब तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। नरेश के अनुसार, पुलिस वाले रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन पर ही चोरी करने का आरोप लगा रहे हैं।

### पूर्व में भी हो चुकी है मंदिर में चोरी

लभांडी स्थित जिस जैन मंदिर में चोरी की घटना हुई है, वहां पूर्व में भी बड़ी चोरी होने की बात पुलिस बता रही है। जहां चोरी की घटना हुई है। वह पूरी तरह से सुनसान इलाका है। मंदिर के आजू-बाजू खाली मैदान है। पुलिस को आशंका है कि चोरों ने रेकी करने के बाद ही घटना को अंजाम दिया है। माना जा रहा है चोरों ने रेकी की होगी और उसके बाद देर रात चोरी को अंजाम दिया होगा।

### दो सूने मकानों में 25 लाख से ज्यादा की चोरी

*शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात चोरों ने पुरानी बस्ती तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के दो सूने मकानों में धावा बोलते हुए कैश सवा तीन लाख रुपए सहित 25 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिए। जिन दो सूने मकानों में चोरी की घटना हुई है। उनमें एक सनत कुमार भारती ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत हैं। अमलीडीह निवासी सनत ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को परिवार सहित भाटापारा गए थे। दूसरे दिन सुबह वापस आने पर सनत ने देखा कि अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर अलमारी से नकदी तीन लाख रुपए तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए हैं। इसी तरह राधास्वामी नगर निवासी कमल साहू परिवार सहित दुर्ग गए थे। वापस आने पर उसे अपने घर में चोरी होने की जानकारी मिली।*

## सुरक्षा के लिए आंबेडकर अस्पताल में बंदूकधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




सुरक्षा को पुख्ता करने आंबेडकर अस्पताल में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर अब तक काम पूरा नहीं हुआ है। इधर सशस्त्र बल के लिए ठेका एजेंसी ने बंदूकधारी जवान मुहैया कराया है। मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल के लिए आधा दर्जन सशस्त्र जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। अभी रात की पाली में तैनाती की जा रही है और संख्या बढ़ने पर दिन में भी सशस्त्र जवान नजर आएंगे।

- आपात स्थिति से निपटने रात्रि पाली में करेंगे ड्यूटी, उतने ही और आएंगे

कोलकाता के आरजी कर कालेज में हुई घटना के बाद शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में भी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चौकी में मौजूद पुलिस बल और सशस्त्र जवानों की तैनाती के निर्देश दिए थे। सितंबर में जारी इस आदेश के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा पुलिस विभाग को दर्जनभर जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। इस पर अब तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं सशस्त्र जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी सीएमएस को निर्देशित किया था। करीब तीन महीने बाद बंदूकधारी जवानों की तैनाती का काम शुरू कर दिया गया है। शुरुआती दौर में आधा दर्जन रायफल धारी जवानों को तैनात किया गया है, जिसमें से तीन मेडिकल कालेज और तीन अस्पताल की तरफ ड्यूटी कर रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### लगातार होती है चोरी की घटनाएं

*अस्पताल में छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं लगभग रोजाना होती हैं। रात्रि वार्डों के बाहर सोए अटेंडरों के जरूरी सामान और मोबाइल पर अक्सर हाथ साफ कर दिया जाता है। इसी तरह ओपीडी की भीड़भाड़ के बीच भी मरीजों के साथ चिकित्सकीय स्टाफ के सामान पर भी हाथ साफ किए जाने की घटना सामने आती रही है। ज्यादातर मामलों में लोग पुलिसिया शिकायत के बजाए मन मसोसकर रह जाते हैं। इसे देखते हुए रात्रि में भी सुरक्षा जवानों की गश्त का सिस्टम बनाया जा रहा है।*

### दिसंबर, जनवरी, फरवरी, मार्च में भी लाखों के केमिकल हो जाएंगे बर्बाद

## 8 दिन बाद 50 करोड़ से ज्यादा के रीएजेंट हो जाएंगे एक्सपायर




सदन में स्वास्थ्य मंत्री ने किया स्वीकार, 660 करोड़ की रिएजेंट की खरीदी गैर जरूरी, जांच ईओडब्ल्यू के हवाले

50 करोड़ के रीएजेंट हर महीने एक्सपायर, अब तक 150 करोड़ बेकार, फरवरी तक 350 करोड़ कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सौ गुना अधिक कीमतों पर रीएजेंट की सप्लाई के लिए सारे नियमों को ताक पर रख दिया गया। इस बड़े घोटाले को अंजाम देने के लिए उन प्राइमरी हेल्थ सेंटरों का भी चुनाव कर लिया गया, जहां फ्रीजर तक की व्यवस्था नहीं थी। सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले इस केमिकल का इन हेल्थ सेंटरों में कोई काम नहीं था, इसलिए वे पड़े-पड़े एक्सपायर हो गए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा में 28 करोड़ के रीएजेंट खराब होने की बात स्वीकारी है। अभी दिसंबर, जनवरी, फरवरी और मार्च में करोड़ों के केमिकल बरबाद हो जाएंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि के पास उन रीएजेंट की तस्वीरें मौजूद है, जो विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और सीजीएमएससी के स्टोर में रखे हैं और अगले चार महीने में एक्सपायर होने वाले हैं। मामले का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कई स्वास्थ्य केंद्रों से वहां के लिए अनावश्यक रीएजेंट उठवा लिया था। इसके बाद बाद कई स्वास्थ्य केंद्रों में पड़े हुए बड़ी बीमारियों की पहचान करने ▶▶ शेष पेज 13 पर

### 660 करोड़ का बड़ा घोटाला

स्वास्थ्य विभाग में हुए इस 660 करोड़ के बड़े घोटाले का खुलासा महालेखाकार की ऑडिट रिपोर्ट के दौरान हुआ था। अपनी रिपोर्ट में उनके द्वारा बताया कि गया था कि राज्य के करीब साढ़े नौ सौ स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में इन रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई की गई थी, जिनका उपयोग नहीं हुआ था। मामला सामने आने के बाद सप्लायर मोक्षित कंपनी को संदेह के दायरे में रखा गया और उसे किया जाने वाला बड़ा भुगतान होल्ड कर दिया गया था।

### तत्कालीन अफसर जांच के दायरे में

गड़बड़ी की जांच ईओडब्ल्यू से कराने की घोषणा की गई है। एजेंसी के इंवेस्टीगेशन के दौरान सप्लायर कंपनी से मिली भगत करने वाले अधिकारियों के नाम भी सामने आने की संभावना है। इसमें 660 करोड़ के घोटाले के लिए कितना कमीशन लिया गया, कंपनी को उपकृत करने के लिए सीजीएमएससी के किन-किन अधिकारियों की भूमिका प्रमुख रही और मामला उजागर होने तक कितने करोड़ की राशि का भुगतान किया गया।

## आज मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी यूथ कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में यूथ कांग्रेस सोमवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने बताया, प्रदर्शन के लिए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब रायपुर आएंगे। आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। गांधी मैदान में सुबह 11 बजे पहले सभा होगी और फिर कांग्रेसी सीएम हाउस घेराव के लिए निकलेंगे। आकाश शर्मा ने कहा, धान खरीदी में अव्यवस्था है।

सरकार के एक साल के विफल कार्यकाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनता बदहाल है। हर जगह महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। रायपुर में चाकूबाजी की घटना आम हो गई है। सरकार की नाकामी को लेकर ही हमारा आंदोलन है।

### इस बार दस साल का रिकार्ड ब्रेक कर चुकी ठंड

## बादलों की वजह से दिन में नहीं चढ़ा पारा, शाम को ठंडी हवा का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वातावरण में मौजूद नमी की वजह से दिन में तेज धूप का असर नहीं हो रहा है। शाम होने के बाद पूर्व की ठंडी हवा महसूस हो रही है। सप्ताहभर पहले शहर में ठंड ने दस साल का रिकार्ड ब्रेक किया था, अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से थोड़ी गर्मी महसूस हो रही है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कई सालों ने रायपुर में शीतलहर के हालात नहीं बने थे। इस बार उत्तर की नियमित हवा की वजह से राजधानी के लोगों ने इस मौसम का मजा लिया था। अब आने वाले



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शहर का पारा गर्म है। यहां ठंड लगभग समाप्त हो चुकी है, केवल सुबह के वक्त इसका अहसास हो रहा है। अनुमान है कि जब तक राज्य में आने वाली हवा की दिशा उत्तरी नहीं होती है, तब तक यहां कड़ाके की ठंड की वापसी होने की संभावना नहीं है। रायपुर समेत मध्य इलाकों में ठंड का ज्यादा प्रभाव जनवरी माह मे होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पश्चिमी विक्षोभ व्यवधान पैदा नहीं करते हैं तो ठंड काफी असरकारी रहने के आसार है।

### सुबह हल्की धुंध

*रविवार की सुबह भी धुंध ने असर दिखाया, इसकी वजह से विजबलिटी कम थी। शहर में इसका बड़ा असर नहीं हुआ मगर सुबह के वक्त आने वाली कोलकाता की फ्लाइट अपने निर्धारित समय से सवा दो घंटे, एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट आधे घंटे तथा इंडिगो का विमान 31 मिनट विलंब से रायपुर पहुंचा।*

### मौदहापारा, समता कालोनी, रामसागरपारा, बजरंग नगर सहित अन्य इलाकों को होगी सहूलियत

## गंज मंडी पानी टंकी से 24 घंटे जल आपूर्ति का ट्रायल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में 23 दिसंबर से गंज मंडी पानी टंकी कमांड एरिया में पानी आपूर्ति का ट्रायल शुरू हो जाएगा। सुबह 10:30 बजे से संबंधित इलाकों में 2 घंटे अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके तहत मौदहापारा, समता कालोनी, रामसागरपारा, बजरंग नगर और रमन मंदिर वार्ड के कुछ हिस्सों में नई पाइप लाइन से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

दरअसल, शहरवासियों को 24 घंटे पीने का साफ पानी नलों के माध्यम से उनके घरों तक सुगमता से पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी






लिमिटेड ने पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 वार्डों में पानी की आपूर्ति करने नई पाइप लाइन बिछाई है। गंज मंडी पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर इन वार्डों में पानी का प्रेशर बढ़ाने और पानी चोरी रोकने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही संबंधित एरिया में आधुनिक तकनीक से निर्मित स्वचालित वाटर मीटर निःशुल्क लगाया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि गंज पानी टंकी से 24 घंटे पानी आपूर्ति करने सोमवार से ट्रायल शुरू होगा। इससे संबंधित क्षेत्रों में पाइप लाइन लीकेज और पानी के प्रेशर की जांच में आसानी होगी।

### 176 किलोमीटर दायरे में बिछाई गई नई पाइप लाइन

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में कोल्हापुर के लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को एबीडी एरिया के 15 वार्डों में 24 घंटे पेयजल पहुंचाने का काम दिया गया है। इसके तहत एजेंसी ने 176 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई है। पाइप लाइन बिछाने के बाद अब लोगों के घरों तक पानी आपूर्ति से पहले इसका ट्रायल रन किया जा रहा है।

### गंज मंडी पानी टंकी से इन वार्डों को मिलेगा 24 घंटे साफ पानी

- रमन मंदिर वार्ड
- इंदिरा गांधी वार्ड
- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड
- तात्यापारा वार्ड
- शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड
- स्वामी आत्मानंद वार्ड

## खबर संक्षेप

### अनुकंपा नियुक्ति दस्तावेज परीक्षण आज

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने संबंधी दस्तावेज परीक्षण 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन स्थित मुख्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग की अपर आयुक्त कृष्णा खटिक ने आश्रित अभ्यर्थियों से दस्तावेजों की मूल प्रति एवं 1 छायाप्रति स्वप्रमाणित लेकर निर्धारित समय अवधि में उपस्थित होने के लिए कहा है।

### सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ



**रायपुर।** राज्य शासन के निर्देश पर 19 से 24 दिसंबर तक राजधानी में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता दीदियों ने सुंदर रंगोली बनाकर सुशासन दिवस की अहमियत बताई। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और निगम के नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मधु चंद्रवंशी ने आम जनता को सुशासन दिवस पर सामूहिक शपथ दिलाई। रामनगर कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, चौबे कालोनी दशहरा मैदान गार्डन, डीडीनगर सेक्टर-4, संतोषीनगर खमतराई सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शहरवासियों ने सामूहिक शपथ ली।

### 50 लाख की लागत से बने मितानिन भवन का लोकार्पण



**रायपुर।** शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित छत्तीसगढ़ नगर में वार्ड पार्षद एवं जोन-6 अध्यक्ष निशा-देवेंद्र यादव ने मितानिनों के लिए 5 लाख की लागत से नवनिर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण किया। वार्ड में मितानिनों के लिए भवन नहीं होने से उन्हें आवश्यक बैठक करने जगह नहीं मिल रही थी। इससे उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता था। वार्ड पार्षद ने मितानिन की परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ नगर में शासन की योजना के तहत 50 लाख की लागत से निर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर जोन अध्यक्ष निशा यादव, मितानिन शांति पटेल, कामिनी चंद्राकर, प्रीति साहू, अनिता राजपूत, शीलू ठाकुर, सरिता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### खाली प्लाट पर कचरा डंपिग यार्ड, बदबू और धुएं से परेशान रहवासी



**रायपुर।** महावीर नगर में साईं मंदिर के सामने खाली पड़े निजी प्लाट पर कचरा डंपिग जोन बना दिया गया है। यहां एकत्र कचरे से फैल रही बदबू ने आसपास के रहवासियों को खासा परेशान कर रखा है। वहीं अज्ञात लोगों द्वारा कचरे में आग लगा देने से धुंआ आसपास फैल जाता है, जिससे राहगीरों समेत वार्डवासियों को भी दिक्कत हो रही है।

इस संबंध में महावीर नगर साईं मंदिर के आसपास के रहवासियों ने बताया कि मंदिर के ठीक सामने रोड की दूसरी तरफ खाली पड़े विशाल प्लाट पर कचरा फेंका जा रहा है, जिसमें तमाम तरह के वेस्ट, प्लास्टिक कचरा, पॉलिथीन की भरमार है। इसके अलावा एकत्र कचरे से उठ रही बदबू फैलने से यहां रहने वालों को परेशानी हो रही है। अज्ञात तत्व द्वारा कचरे में आग लगा देने से कई दिनों तक धुंआ फैलता रहता है, इस धुएं ने भी उनका जीना मुहाल कर रखा है। निगम के अधिकारी-कर्मचारी इस समस्या को दूर करने में रुचि ही नहीं दिखा रहे। यहां के रहवासियों ने निगम मुख्यालय और जोन में जल्द ही शिकायत करने की बात कही है।

# शिव प्रकाश, नितिन नवीन का आना टला, अब दिल्ली में कल होगी संगठन चुनाव पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर यहां पर 24 दिसंबर को होने वाली बैठक राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के न आने से टल गई है। अब यही बैठक 24 दिसंबर को दिल्ली में होगी।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव के प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख और सदस्य सोमवार को दिल्ली जाएंगे। मंगलवार को दिल्ली में बैठक में संगठन चुनाव को लेकर चर्चा होगी। इसमें अब तक संगठन चुनाव में क्या-क्या हुआ है, इसकी रिपोर्ट दी जाएगी।

भाजपा का देश भर में संगठन चुनाव चल रहा है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। बूथों में कमेटियों के गठन के बाद अब मंडल अध्यक्षों का चुनाव चल रहा है। अब तक चार सौ से ज्यादा मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। कुछ ही मंडल में चुनाव बचा है। यह सोमवार तक पूरा हो जाएगा। इसी के साथ जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी।

### प्रदेश के पदाधिकारी आज जाएंगे दिल्ली







### प्रदेश के संगठन मंत्री पारख देंगे पूरी रिपोर्ट

दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर होने वाली बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख पूरी रिपोर्ट देंगे। इसमें बताया जाएगा कि कितने बूथों में कमेटियां बनीं हैं, कितने में नहीं बन पाई है। जहां कमेटियां नही बनीं होगी उसका कारण भी बताया जाएगा। मंडल अध्यक्षों के चुनाव में 476 मंडलों में से 440 में ही चुनाव हो रहा है, 35 मंडलों में अभी चुनाव नहीं रहा है। इसके बारे में भी बताया जाएगा कि किस कारण से वहां चुनाव नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्षों का चुनाव कब तक पूरा होगा इसकी भी पूरी जानकारी रखी जाएगी। वहां से चुनाव को लेकर मार्गदर्शन मिलेगा। दिल्ली जाने वालों में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपा देवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी भी शामिल हैं।

## ऐसे आचरण के बावजूद भाजपा को कोई पश्चाताप नहीं

# फूलोदेवी ने कहा- बाबा को अपमानित करने का शाह को हक नहीं, माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा, जिनके नियम कानून पर पूरा देश चलता है, वे बाबा साहेब आंबेडकर हमारे लिए भगवान हैं। उन्हें अपमानित करने का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को कोई हक नहीं है। उनको अपने बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए फूलोदेवी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का वीडियो दिखाते हुए कहा, भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनका अपमान करने के लिए मंच का दुरुपयोग किया। इससे भी बदतर, केंद्रीय गृहमंत्री ने संविधान के मूल तत्व और इसके प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। इस आचरण के बावजूद, भाजपा और उसके नेतृत्व ने कोई पश्चाताप नहीं दिखाया है। इसके बजाय, वे ऐसे बयानों का बचाव करके लाखों भारतीयों को होने वाली पीड़ा को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे उनकी गहरी संविधान-विरोधी और दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है।

फूलोदेवी ने कहा, भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संविधान पर चर्चा का अनुरोध किया था। यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया और संसद में विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू हो गई।



हालांकि, संविधान पर एक गंभीर और महत्वपूर्ण चर्चा के रूप में शुरू हुई चर्चा को भाजपा ने राजनीतिक अवसरवाद के एक शर्मनाक प्रदर्शन में बदल दिया। इस अवसर की गरिमा को बनाए रखने के बजाय, भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनका अपमान करने के लिए मंच का दुरुपयोग किया। इससे भी बदतर, केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान के मूल तत्व और इसके प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कहा, यह घटना कोई अकेली घटना नहीं है। यह आरएसएस के ऐतिहासिक और वैचारिक रुख को दर्शाती है, जिसने अपनी स्थापना के समय से ही भारतीय संविधान का विरोध किया है। आरएसएस ने संविधान का खुलेआम अपमान किया है, इसके एक प्रमुख नेता ने इसे भारतीय से रहित बताया है। आरएसएस की वैचारिक प्राथमिकता संविधान में निहित भारत के प्रगतिशील और समतावादी दृष्टिकोण के बजाय मनुस्मृति है, जो एक प्रतिगामी और जातिवादी ग्रंथ है।

### किरण देव ने कहा- बाबा आंबेडकर का विरोधी है विपक्ष, हमेशा की उपेक्षा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की हमेशा सामाजिक और राजनीतिक उपेक्षा करने वाले कांग्रेस के नेता आज वोट बैंक की खातिर बाबा साहेब के अपने होने का ढोंग कर रहे हैं। राजनीतिक एजेंडे को साधने के लिए कांग्रेस और उसका टूलकिट गैंग भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर समाज को बांटने का काम कर रहा है। अपनी विभाजनकारी, द्वेषपूर्ण राजनीति को बल देने और चुनावों में मिल रही हार से हताश कांग्रेस के नेताओं ने लोकतंत्र के मंदिर को भी नहीं छोड़ा और उसको भी अपनी साजिश का केंद्र बना दिया, राहुल गांधी और उनके नेताओं द्वारा किया गया ये कृत्य निंदनीय है। सच्चाई यह है कि विपक्ष डॉ. आंबेडकर का विरोधी है। श्री देव ने कहा, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के पूरे बयान में से एक छोटे 'एडिटेड वीडियो' को पेश किया गया, ये साजिश नहीं तो क्या है?



कांग्रेस और उसके टूलकिट गैंग ने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों के एडिट वीडियो का प्रचार किया, फिर लोकसभा चुनाव में अमित शाह के बयान को एआई का उपयोग कर एडिट किया। चुनावों में मिली हार से कांग्रेस इतनी बौखला गई है कि वो जनता के बीच उन्माद पैदा कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। उन्होंने कहा, देश के संविधान को समावेशी बनाने में, देश के पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए तथा देश के लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों का सम्मान करता है। जिन्होंने जीवनभर बाबा साहेब का अपमान किया, बाबा साहेब के सिद्धांतों को दरकिनार किया, जब तक सत्ता में रहे, तब तक बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया और आरक्षण के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाईं, वो लोग आज बाबा साहेब के नाम पर भ्रांति फैलाना चाहते हैं।

# अटल जयंती पर 25 को होगा निकायों में अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में बनाए जाने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्य के सभी नगरीय निकायों को इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले राज्य शासन ने प्रदेश के सभी नगर निगमों को 50-50 लाख, पालिका को 30 और नगर पंचायतों को 20 लाख रुपए की प्रावधिक स्वीकृती दी जा चुकी है।





- निगम को 50 लाख, पालिका को 30, नगर पंचायत को 20 लाख दिए हैं

**भूमिपूजन की तैयारी ऐसे होगी :** अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान तैयारी के लिए प्रदेश के सभी निकायों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें वर्चुअल माध्य वीडियो लाईव स्ट्रीमिंग के लिए प्रोजेक्टर स्क्रीन लैपटॉप, कंप्यूटर इंटरनेट और साउंड सिस्टम की व्यवस्था करने कहा गया है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्थानीय सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधियों के अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने कहा गया है।

### इन शर्तों पर बनाना है अटल परिसर

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति के साथ ही कुछ शर्तें भी लागू की गई हैं। कहा गया है कि समय समय पर शासन, संचालनालय द्वारा जारी आदेश का पालन करते हुए समस्त अनुषांगिक स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी हों अन्यथा इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। छग वर्क्स डिपार्टमेंट मैन्युअल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। बिना सक्षम अनुमति के कोई भी सारवान परिवर्तन विभक्तिीकरण न किया जाए। इन नए कार्य के लिए स्वच्छ निविदा आमंत्रित करने के पहले पूर्व निविदा का प्रारूप का अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया जाए। अन्यथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निर्माण कार्य के लिए समस्त नॉन एसओआर आयटम्स कि निविदा, सामाग्री क्रय के पूर्व सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति तकनीकी स्पेसीफिकेशन व दर का विश्लेषणमय अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। स्वीकृत कार्य निकाय के आधिपत्य भूमि पर ही निर्माण करवाया जाए। निजी भूमि, स्वामित्व संबंधी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य न करवाया जाए। कार्यादेश के पहले स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि भूमि में किसी प्रकार का विवाद नहीं है।

# अब तक 63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कस्टम मिलिंग के लिए 10 लाख टन का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 63.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में राज्य 13.19 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 14058 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं।

- मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में दी गई जानकारी

अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डिओ और टीओ जारी कर दिया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। यह जानकारी मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में दी गई है।



### खरीदी, उठाव, कस्टम मिलिंग पर हुई बात

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में खाद्य विभाग के सचिव अन्बलगन पी, कृषि उत्पादन आयुक्त रेणु जी पिल्ले, वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला, कृषि विभाग के संचालक डॉ. सरांश मित्तल, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, अपेक्स बैंक के ओएसडी अविनाश कुमार श्रीवास्तव, खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव जीएस शिकरवार सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### खाद्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में मंत्रि मंडलीय उप समिति की बैठक हुई। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था सहित कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव, किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था, टोकन की स्थिति सहित विभिन्न किसान हित से जुड़े मुद्दे की समीक्षा की गई। बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को विक्रय में सहूलियत प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए।

# शोध में पिछड़े, इसलिए कम उम्र के प्राध्यापकों को अब रिसर्च करने रविवि देगा 4 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब अपने प्राध्यापकों को रिसर्च वर्क के लिए लाखों की राशि प्रदान करेगा। लेकिन यह राशि कम आयुवर्ग के प्राध्यापकों को ही प्रदान की जाएगी।

- विश्वविद्यालय में प्रारंभ की गई 'रिसर्च सीड मनी' योजना
- 2 साल में पूर्ण करना होगा शोधकार्य, कला संकाय के प्राध्यापकों को मिलेंगे 2.5 लाख

विवि ने रिसर्च सीड मनी के नाम से योजना प्रारंभ की है। शोधकार्यों को बढ़ावा देने के लिए रविवि द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है। नैक ग्रेडिंग के दौरान टीम ने रिसर्च कार्य बेहतर नहीं होने की बात कही थी। इसके अलावा एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भी विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग रिसर्च गुणवत्ता में कमी के कारण कम रहती है।

समय-समय पर प्राचीन विश्वविद्यालय होने के बाद भी शोध कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने की बात सामने आती रही है। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए अब रविवि ने विश्वविद्यालय स्तर पर शोधकार्य को बढ़ावा देने का निर्णय किया है। इसके अंतर्गत ही रविवि ने शोधकार्य संबंधित यह योजना प्रारंभ की है। विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इससे अकादमिक उत्कृष्टता भी आएगी और प्राध्यापकों के अध्यापन कौशल में वृद्धि होगी।




### प्रायोगिक कार्यों के चलते अधिक राशि

रिसर्च सीड मनी योजना के अंतर्गत विज्ञान संकाय अथवा ऐसे विषय जिसमें शोधकार्य की आवश्यकता होती है, उसमें रिसर्च के लिए 4 लाख की राशि प्रदान की जाएगी। सामाजिक विज्ञान, मैनेजमेंट, शिक्षा सहित कला संकाय के ऐसे विषय जिसमें रिसर्च के अंतर्गत लैब में प्रयोग नहीं करने पड़ते हैं, उसके लिए 2.5 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। प्रायोगिक कार्यों के लिए विज्ञान विषय के शोधकर्ताओं को अधिक राशि दी जा रही है।

### जरूरी होगी कमेटी की मंजूरी

प्राध्यापक जिन विषयों में रिसर्च करना चाहते हैं, उसके संबंध में उन्हें जानकारी देनी होगी। विश्वविद्यालय कमेटी द्वारा शोध परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उन्हें यह राशि जारी की जाएगी। 45 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले प्राध्यापक ही इसके लिए पात्र होंगे। उन्हें अपना शोध अधिकतम 2 वर्षों में पूर्ण करना होगा। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही यह योजना लागू की जा रही है। विवि द्वारा इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

**गुरु घासीदास जरूरत के मुताबिक 60 प्रतिशत बल की कमी से जूझ रहा**

# मध्यप्रदेश के संजय दुबारी टाइगर रिजर्व के बाघों की छत्तीसगढ़ में आमद बढ़ी, व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर छत्तीसगढ़ के अचानकमार, गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के साथ भोरमदेव अभयारण्य में भी देखने को मिल रहा है। कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन के करीब बाघ इन दिनों अचानकमार के साथ भोरमदेव में विचरण करते देखे गए हैं। साथ ही गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश, संजय दुबारी टाइगर रिजर्व के बाघों के लिए एक बड़ा कॉरिडोर बन गया है। संजय दुबारी के बाघों की नियमित आवाजाही गुरु घासीदास में हो रही है।

- एटीआर में व्यवस्था ठीक लेकिन पालतू मवेशी की वजह से बढ़ सकती है परेशानी

गौरतलब है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में वर्ष 2023 की गणना के मुताबिक 129 बाघ होने की पुष्टि हुई है। इसी के साथ संजय दुबारी नेशनल पार्क में 30 के करीब बाघ हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से दोनों टाइगर रिजर्व में कैपिसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। इसके चलते बाघों को शिकार करने आपस में द्वंद्व करना पड़ता है। इस लिहाज से किशोर उम्र के बाघ नए टेरिटरी की तलाश में छत्तीसगढ़ के वनों की ओर आ रहे हैं।

**लगाने के लिए रेडियो कॉलर तक नहीं :** भटककर पहुंचे बाघों को रेस्क्यू करने के बाद किसी जंगल में छोड़ने की स्थिति में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ने के निर्देश हैं। वन विभाग के पास रेस्क्यू किए बाघ को रिलीज करने पर लगाने रेडियो कॉलर तक नहीं है। पिछले दिनों चिरमिरी में रेस्क्यू बाघिन को एटीआर में छोड़ा गया। उस मादा बाघ को रेडियो कॉलर किसी दूसरी जगह से वन विभाग के अफसरों ने उधार लेकर लगाया। इसके बाद बाघिन को छोड़ा गया।

### एक्सपर्ट टीम की कमी

बाघ प्रबंधन के मामले में वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व के कर्मी प्रशिक्षित हैं। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के स्टाफ बाघ प्रबंधन के मामले में प्रशिक्षित नहीं हैं। बाघों की आवाजाही बढ़ने से गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के स्टाफ को प्रबंधन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### बल की कमी से जूझ रहा टाइगर रिजर्व

गुरु घासीदास बाघ प्रबंधन के प्रशिक्षित स्टाफ से जहां एक ओर जूझ रहा है, दूसरी ओर वहां स्टाफ की भारी कमी है। जानकारी के मुताबिक गुरु घासीदास में वर्तमान में 60 प्रतिशत मैदानी अमले की कमी है। वर्तमान में जो 40 प्रतिशत बल है, वह भी कोर तथा बफर एरिया में जाने से बचते हैं।

### विषम भगौलिक स्थिति

गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व की भगौलिक स्थित काफी विषम है। टाइगर रिजर्व चारों तरफ घने जंगल के साथ पहाड़ तथा नदियों से घिरा हुआ है। इस लिहाज से टाइगर के आने-जाने के मूवमेंट पर निगरानी रखना एक बड़ी चुनौती है। बाघ के मूवमेंट की सटीक निगरानी पर्याप्त स्टाफ होने के बाद ही की जा सकती है।

### पेट एनिमल एक बड़ी समस्या


अचानकमार टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में पालतू मवेशी विचरण करने पहुंचते हैं। टाइगर रिजर्व में विचरण कर रहे बाघ द्वारा कई बार पालतू मवेशियों के शिकार करने की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ने से पालतू मवेशियों की शिकार की घटनाएं बढ़ जाएंगी। इससे ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### रहवास क्षेत्र विकसित होने से कॉरिडोर प्रभावित

कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघों का एटीआर में आवाजाही करने भोरमदेव एक बड़ा कॉरिडोर है। बाघों के एटीआर आवाजाही करने के कॉरिडोर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसकी वजह बाघों की आवाजाही करने के मार्ग में रहवासी क्षेत्र के रूप में विकसित होने के साथ वनों की अवैध कटाई कर कृषि कार्य करना है।

## निधन

### अश्विनी कुमार शर्मा



**रायपुर।** सुंदरनगर अभियंता चौक निवासी वरिष्ठ पत्रकार अश्विनी कुमार शर्मा भदराली वाले (72) का 22 दिसंबर का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रघुनंदन प्रसाद शर्मा के छोटे भाई, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की रिटायर्ड प्रोफेसर सरला शर्मा के पति और सोमेश तथा प्रियेश शर्मा से पिता थे।

### ममता शर्मा




**रायपुर।** राजिम के ग्राम लफंदी निवासी ममता शर्मा का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को गृहग्राम मुक्तिधाम में किया गया। वे सर्वेश, मनीषा, शोभा और मुक्ति की माता और दिव्या शर्मा की सास थीं।

### मोहिनी देवी मदनानी



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी मोहिनी देवी मदनानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मल, विनोद, हरीश, गोपाल मदनानी की माता थीं।

### रविशंकर सामंतराय



**रायपुर।** आरडीए कालोनी टिकरापारा निवासी रविशंकर सामंतराय का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट टिकरापारा में किया जाएगा। वे प्रदीप, विनोद, सतीश, निशा एवं स्व. अरूण सामंतराय के पिता तथा आदित्य के ससुर थे।

# पुरानी पद्धति से अंतिम ग्रेडिंग, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस, रिसर्च व इंफ्रास्ट्रक्चर में पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेडिंग हालिस हुआ है। इसके पूर्व महाविद्यालय के पास बी ग्रेडिंग थी तथा उसके पूर्व बी प्लस ग्रेडिंग महाविद्यालय के पास थी। यूजीसी द्वारा महाविद्यालयों की ग्रेडिंग प्रणाली बदली जा रही है। नववर्ष से इसके लागू होने की संभावना है। ऐसे में छग कॉलेज को अंतिम बार पुरानी पद्धति से ग्रेड मिले हैं। रिसर्च वर्क में महाविद्यालय के अंक कटे हैं। इसके अलावा प्राचीन महाविद्यालय होने के अनुपात में इंफ्रास्ट्रक्चर ना होने के कारण अंक नहीं मिल सके।

■ **पुरानी पद्धति से ग्रेडिंग कराने वाला यह जिले का अंतिम महाविद्यालय**

विजिटिंग के लिए आई नैक टीम ने लाइब्रेरी में पुरानी किताबों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की थी। यहां विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन किताबें उपलब्ध हैं, लेकिन ऑफलाइन किताबों में नई किताबें अधिक संख्या में नहीं हैं। पाठ्योत्तर गतिविधियों में कमी भी महाविद्यालय के लिए माइनस मार्किंग साबित हुई। गौरतलब है कि नैक टीम ने 11 और 12 दिसंबर को महाविद्यालय का दौरा किया था। उनके द्वारा सब्मिट की गई रिपोर्ट के आधार पर यूजीसी ने यह ग्रेडिंग प्रदान की है।

## इसके पूर्व महाविद्यालय के पास था बी ग्रेड, नई ग्रेडिंग में एक पायदान ऊपर

### खेल व एनसीसी ने बचाई लाज

महाविद्यालय के खेल और एनसीसी ने ग्रेडिंग को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें छात्रों का अच्छा प्रदर्शन फायदेमंद साबित हुआ। इसके अलवा ऑटोनॉमस महाविद्यालय होने के कारण यहां सिलेबस अपग्रेडेशन और परीक्षा संबंधित गतिविधियों का संचालन महाविद्यालय स्तर पर होता है। बीते कुछ वर्षों में इस दिशा में हुए कार्य भी प्लस प्वाइंट बने। शिक्षक-छात्र अनुपात को भी नैक टीम ने सराहा।




### नहीं दे सके थे प्रस्तुति

महाविद्यालय में नैक ग्रेडिंग को लेकर तैयारियां तीन-चार सालों पूर्व ही कर दी गई थी। उस वक्त महाविद्यालय बी प्लस से बी श्रेणी में पहुंच गया था। ऐसे में उसे बेहतर करने कई स्तर पर प्रयास किए गए। इस बार प्रबंधन को बी डबल प्लस अथवा ए ग्रेड की उम्मीद थी। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी का तबादला नैक दौरे के महज 20 दिन पहले ही उच्च शिक्षा विभाग ने कर दिया था। उनके स्थान पर डॉ.तपेशचंद्र गुप्ता को पदोन्नत करते हुए प्राचार्य नियुक्त किया गया। इसका असर अंतिम प्रस्तुति पर पड़ा। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, नैक टीम के समक्ष महाविद्यालय उचित तरीके से प्रस्तुतिकरण नहीं दे सका था। बड़ी संख्या में प्राध्यापकों के इंग्लिश ना समझने और टीम संग संवाद ना कर सकने को लेकर भी नैक टीम ने नाराजगी जताई थी। ये सारी बातें भी बी डबल प्लस मिलने में बाधा बनी।

## दो दशक पुरानी समस्या, फंड स्वीकृत, मुआवजा बांटने में देर

# तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण में हमेशा की तरह क्रेडिट लेने हल्ला मचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की समस्या 2 दशक बाद भी दूर नहीं हो पाई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए हमेशा की तरह क्रेडिट लेने हल्ला मचा, प्रभावित क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक हुई, पर काम रत्तीभर आगे सरकने की जगह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। मसौदा को सुलझाने में फिर चुनावी पेंच आड़े आ रहा है। निकाय चुनाव में यह मुद्दा एक बार फिर उछलने के आसार हैं। पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था।

■ **काम रत्तीभर नहीं, योजना ठंडे बस्ते में**

20 साल पुरानी ट्रैफिक जाम की समस्या में फंड स्वीकृत होने के बाद सरकार बदल गई, पर काम सरक नहीं पाया। विभागीय अधिकारी अभी तक मकान दुकान के दस्तावेज जांच रहे हैं, जबकि मसौदा तैयार है, 94 मकान व दुकान सड़क चौड़ीकरण के दायरे में हैं। दस्तावेजी प्रमाण के आधार पर इनके प्रभावितों की जानकारी जुटाने के बाद मुआवजा मिलेगा। सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण को करना है। सूत्रों के मुताबिक 120 करोड़ की राशि मुआवजा बांटने में खर्च होना है। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन व राजस्व विभाग को करना है।



### 700 मीटर का पेंच, 80 फीट चौड़ी सड़क

करीबन 700 मीटर लंबे पेंच में 80 फीट सड़क चौड़ीकरण का काम होना है। इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त सर्वे कर पूर्व में रिपोर्ट भी तैयार की। 94 दुकानें सड़क चौड़ीकरण दायरे में चिन्हांकित की गईं। सर्वे में तय किया गया कि 500 मीटर के दायरे में ही 8 से 12 फीट तक तोड़फोड़ करनी होगी। प्रभावित दुकानों के मालिकों को कागजी दस्तावेज के आधार पर मुआवजा तय करने की प्रक्रिया पूरी होनी है। मुआवजा राशि देने के बाद जमीन से कब्जा हटाया जाना प्रस्तावित है। राजस्व विभाग जांच, सीमांकन और मुआवजा तय करने के बाद लोक निर्माण विभाग को रिपोर्ट देगा। पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था। इसके आधार पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स ने निर्माण के लिए करीब 7 करोड़ का अनुमानित लागत का इस्टीमेट बनाया। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में आगे काम शुरू नहीं हो पाया और फाइल बंद रही। अब निकाय चुनाव के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है।

### रोज शाम लगता है ट्रैफिक जाम, पब्लिक त्रस्त, राहत नहीं

शारदा चौक से तात्यापारा मार्ग के बीच सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से राजधानीवासियों को आए दिन ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। वहीं इस क्षेत्र के कारोबारियों का व्यापार भी इससे काफी हद तक प्रभावित हुआ है। सुबह से देर शाम तक यह स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान गाड़ियों की लाइन लग जाती है।

# दिव्यांग छात्रों को मिलेंगी परीक्षा में विशेष सुविधाएं ऑनलाइन दे सकेंगे अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

10वीं-12वीं की परीक्षाओं के दौरान विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सीबीएसई फरवरी से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं में ये सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके लिए 28 दिसंबर तक आवेदन मांगे गए हैं।

■ **वेब पोर्टल परीक्षा संगम में 28 दिसंबर तक देनी होगी जानकारी**

बोर्ड ने कहा कि स्कूलों को इन सुविधाओं के लिए कोई भी अनुरोध परीक्षा संगम वेब पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। पोर्टल में उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) में भरे गए डेटा के अनुसार सभी सीडब्ल्यूएसएन छात्रों की सूची प्रदर्शित होगी। साथ ही प्रत्येक छात्र द्वारा उनकी विशिष्ट विकलांगता के आधार पर प्राप्त की जा सकने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया जाएगा।

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अवधि के भीतर सभी प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत की जाए। दी गई समयसीमा के बाद या ऑफलाइन मोड के माध्यम से प्रस्तुत किए गए अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। स्कूलों से कहा गया है कि वे सर्कुलर के साथ संलग्न मैनुअल को ध्यान से पढ़ें और सुचारू तथा कुशल प्रक्रिया के लिए उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करें।



### एडमिट कार्ड पर दिखाई देंगी सुविधाएं

स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने निर्धारित लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके पोर्टल में लॉग-इन करें ताकि उन छात्रों के लिए आवश्यक चयन किया जा सके जो किसी भी इन सुविधाओं का उपयोग करना चाहते हैं। एक बार अतिरिक्त सुविधाओं का चुनाव किए जाने के बाद, ये सुविधाएं छात्रों के एडमिट कार्ड पर दिखाई देंगी। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा केंद्र अच्छी तरह से तैयार हैं और उम्मीदवारों को बिना किसी असुविधा के आवश्यक व्यवस्था प्रदान करने में सक्षम हैं।

## सांसद बृजमोहन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के प्रतिनिधि मनोज शुक्ला को ईष्टदेव हनुमानजी का प्रतीक चिन्ह गदा भेंटकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सेन भवन के लिए 10 लाख राशि की घोषणा के बाद सेन समाज जिला रायपुर के अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर के नेतृत्व में रविवार को उनके प्रतिनिधि मनोज शुक्ला को ईष्टदेव हनुमानजी का प्रतीक चिन्ह गदा एवं जय माता दी गमछा तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिल, मुर्रा गुड़ लड्डू एवं पुष्पहार से स्वागत करते हुए सांसद श्री अग्रवाल को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में प्रदीप श्रीवास, अनिल ठाकुर, सतीश श्रीवास, रमेश श्रीवास, गोलू सेन, राधेश्याम श्रीवास, व्यास ठाकुर, जगदीश प्रसाद ठाकुर, सुशील श्रीवास, कमलेश श्रीवास, शांता सेन, लता श्रीवास, श्यामा सेन आदि शामिल थे।



## श्रीराम संगीत कॉलेज में आज से वार्षिकोत्सव

**रायपुर।** श्रीराम संगीत महाविद्यालय बूढ़ापारा में दो दिवसीय 23 एवं 24 दिसंबर को वार्षिकोत्सव का आयोजन महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाकोशल संगीत समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी होंगे एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल करेंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय विष्णु जोशी एवं सुधांशु शेखर शुक्ला होंगे। इस दौरान कथक, तबला, गायन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महाविद्यालय में गत वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## पुराना धरना स्थल पर वेंडिंग जोन तैयार, गुमटियों का आवंटन जल्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बूढ़ापारा क्षेत्र स्थित इंडोर स्टेडियम के पास पुराना धरना स्थल पर वेंडिंग जोन बनकर तैयार है। नगर निगम द्वारा नवनिर्मित 10 गुमटियों का आवंटन जल्द किया जायेगा। वेंडरों को रोजगार के लिए सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध कराने प्रथम चरण में बूढ़ापारा क्षेत्र में वेंडिंग जोन बनाया गया है। शहर के बूढ़ापारा में नगर निगम का पहला विकसित वेंडिंग जोन बनकर तैयार है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नवनिर्मित 10 गुमटियों के आवंटन के लिए नियम अनुसार प्रक्रिया अपनाई जायेगी। गुमटियों का निर्माण निविदाकार फर्म द्वारा अनुबंध की शर्त के अनुसार किया गया है। अनुबंध के मुताबिक आगामी 5 वर्ष तक अनुबंधित एजेंसी वेंडिंग जोन का संधारण करेगी। फर्म अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार करने स्पॉट पर विज्ञापन बोर्ड लगायेगी।

■ **10 गुमटियां तैयार**

# पैसा नहीं देने पर नशेड़ी ने दुकानों में लगाई आग, तीन लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव घाट स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के बाजू में स्टाल लगाकर सामान बेचने वाले चार दुकानों को एक नशेड़ी ने आग के हवाले कर दिया। आगजनी की घटना से दुकानदारों ने तीन लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान होने की बात कही। दुकानदारों के अनुसार नशेड़ी देर शाम चाकू लहराते हुए दुकानदारों से पैसों की मांग की थी। दुकानदारों ने पैसा देने से इनकार कर दिया। इस पर नशेड़ी ने दुकानदारों को उनकी दुकान में आग लगाने की धमकी दी थी। घटना शनिवार देर रात डेढ़ बजे की है। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है।

■ **दुकानदारों ने थाने में नशेड़ी के खिलाफ शिकायत भी की थी, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की**

दुकानदारों के अनुसार आग लगाने वाला नशेड़ी महादेव घाट मंदिर के आसपास घूमता रहता है। नशेड़ी को स्थानीय लोग पेंटर के नाम से जानते हैं। नशेड़ी आए दिन चाट, गुपचुप ठेला लगाने वालों से 10 रुपए से लेकर 50 रुपए वसूली करता है। साथ ही स्टाल लगाने वालों से पैसों की मांग करता है। घटना दिनांक को नशेड़ी अपने हाथों में चाकू लेकर लहराते हुए दुकानदारों से नशा करने पैसों की मांग करने लगा। इस पर दुकानदारों ने विरोध करने के साथ नशेड़ी को फटकार लगाई, तब नशेड़ी दुकानों में आग लगाने की धमकी देकर चला गया।

नशेड़ी ने महादेव घाट स्थित चार स्टाल में आग लगाई



### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

नशेड़ी ने फैंसी स्टोर्स, खाने-पीने का सामान बेचने वाले के साथ एक पान ठेला में आग लगाई है। नशेड़ी द्वारा दुकानों में आग लगाने की धमकी मिलने के बाद स्टाल में दुकान लगाने वालों ने पीसीआर को नशेड़ी के चाकू लहराने, धमकी देने की शिकायत की। काफी देर तक पीसीआर के नहीं आने पर दुकानदार थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी कारण नशेड़ी ने उनकी दुकानों में आग लगाई है।

## पेज 11 के शेष ...

### 12 करोड़ के जवाहर .....

मल्टीलेवल पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर की देखरेख को लेकर निगम प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अफसर ध्यान नहीं दे रहे। परिसर के नीचे तलघर की छत से लगातार पानी टपक रहा है, सीपेज के कारण दीवारें बदरंग होने लगी हैं। जवाहर बाजार व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष सुभाष बजाज ने बताया कि हमने इसकी शिकायत निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के एमडी से भी की है। जोन 4 के कमिश्नर तक अपनी बात पहुंचाई, पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। छत से लगातार पानी टपक रहा है। इस ओर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। सीपेज कहां से हो रहा है, यह समझ में नहीं आ रहा। विदित हो, शहर के 100 साल पुराने ऐतिहासिक जवाहरबाजार में बरसों से पीढ़ी दर पीढ़ी आजीविका चला रहे छोटे व मध्य व्यापारियों को साल 2018 में उसी स्थान पर सर्वसुविधा युक्त नया मार्केट तैयार कर व्यवस्थापन के तहत 69 व्यापारियों को नगर निगम ने दुकानें आवंटित की। शहर का पहला स्मार्ट जवाहर बाजार बनाने में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 12 करोड़ खर्च किये। 60 हजार वर्गफीट क्षेत्र में तैयार नवनिर्मित जवाहरबाजार में दो बेसमेंट पार्किंग बनाई गई। ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर में कारोबारियों के लिए दुकानें बनाई गईं, पर निर्माण के कुछ ही साल बाद लोवर बेसमेंट में सीपेज की समस्या शुरू हो गई। फ्लोर में लगाई गई टयूबलाइट और लिफ्ट के पास भी पानी भरने की समस्या देखी जा रही है। ***16 हॉल खाली, 4 बार टेंडर के बाद भी कोई नहीं आया :*** नगर निगम के बाजार विभाग ने जवाहर बाजार व्यावसायिक परिसर के दूसरे और तीसरे माले के 16 बड़े साइज के हॉल के लिए अब तक 4 बार टेंडर जारी किये, लेकिन एक बार भी हॉल खरीदने कोई नहीं आया। सूत्रों के मुताबिक आफसेट प्राइज ज्यादा होने और हाल बड़ा होने के चलते काराबोरी इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहे। कारोबारियों का मानना है, बड़े हॉल की जगह यदि उसे छोटे दुकान के रूप में डिवाइड कर आवंटन किया जाये, तो इसका अच्छा रिस्पांस मिलना तय है।

### सुरक्षा के लिए ....

आने वाले दिनों में इतने ही जवान और बुलाए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें रात के साथ दिन में भी ड्यूटी पर लगाया जाएगा। ***वैकल्पिक इंतजाम भी किया:*** अस्पताल में तैनात चिकित्सकीय स्टाफ को उनके मूल काम में लगाने के लिए आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई है। कर्मचारी बढ़ने के बाद सभी को सफाई से लेकर वार्ड बॉय सहित अन्य कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद अस्पताल में मरीज के अटेंडरों द्वारा स्ट्रेचर खींचने अथवा व्हील चेयर धकेलने की शिकायत में कमी आ गई है।

### 8 दिन बाद 50 ....

वाले ये रीएजेंट खराब होने के कगार पर हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा इनका उपयोग करने की योजना तो बनाई गई है, मगर इनके कालातीत होने में जितने दिन बाकी हैं, उतने दिनों में इसकी योजना बन पाना भी मुश्किल प्रतीत हो रहा है। मुनाफा कमाने करोड़ों रुपए के रीएजेंट की सप्लाई के लिए सारे नियमों को शिथिल कर दिया गया। इसके लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ऐसे हेल्थ सेंटरों को भी चुन लिया गया, जहां इनका उपयोग तो दूर, रखने के लिए भी सुरक्षित संसाधन भी नहीं थे। अन्य कंपनियों से जिस केमिकल की खरीदी की कीमत आठ रुपए निर्धारित थी, उस मोक्षित के माध्यम से आठ सौ रुपए में खरीदा गया था। विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने करोड़ों का रीएजेंट खराब होने की बात स्वीकारी है और मामले की जांच ईओडब्ल्यू से कराने की घोषणा की है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-4, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांकः- 20/12/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोनडोंगरी प.ह.नं. 107/36 रा.नि.मं.-4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका श्रीमति सुकलिया पटेल पति स्व. शेरसिंग पटेल निवासी सोनडोंगरी रायपुर ..... द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 522 हे. रकबा 1.3960 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ 202411114500015/ अ-12/ वर्ष / 2024-25 आदेश दिनांक 27/11/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 26/12/2024 को 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 04**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# 10वीं-12वीं के 41 हजार छात्रों के नाम सहित अन्य विवरण में त्रुटि, तीसरे चरण में पकड़ी गई गलतियां

## परीक्षा फॉर्म भरवाने में माशिम बरत रहा है सख्ती, ताकि अंकसूची में रहे सही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा फॉर्म विलंब शुल्क के साथ नवंबर तक भरे गए। परीक्षा फॉर्म भरते वक्त यदि एक-दो विद्यार्थियों के नाम की स्पेलिंग अथवा अन्य जानकारियों में थोड़ी-बहुत त्रुटि हो जाए, तो वह सामान्य है, लेकिन निजी विद्यालयों ने रिकॉर्ड 41 हजार छात्रों के फॉर्म में गलतियां कर दीं। माशिम द्वारा इसमें सुधार कर लिया गया है। विद्यालय स्तर पर परीक्षा फॉर्म जांच के विभिन्न चरणों के दौरान यह गलती पकड़ में नहीं आई। अंतिम चरण में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ये गलतियां सामने आईं और इसमें सुधार किया गया।

इनमें से अधिकतर गलतियां नाम संबंधित हैं। पूर्व कक्षाओं में विद्यार्थियों के दर्ज नाम की स्पेलिंग और 10वीं-12वीं के परीक्षा फॉर्म में दर्ज नाम की स्पेलिंग में अंतर है। कई आवेदनों में माता-पिता के नाम में भी अंतर अथवा त्रुटि है। गौरतलब है कि दसवीं और बारहवीं की अंकसूची में नाम में त्रुटि होने के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाम के स्पेलिंग अथवा अन्य जानकारी में भिन्नता होने पर डिग्री भी छात्रों को जारी नहीं की जाती है। ऐसे में प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में अंकसूची सुधार के लिए माशिम के पास आवेदन आते हैं।

अलग खबर

### 12वीं में कम त्रुटि

सूत्रों के अनुसार, जिन 41 हजार परीक्षा फॉर्म में सुधार किए गए हैं, उनमें से लगभग 38 हजार दसवीं कक्षा के हैं। दसवीं कक्षा की अंकसूची में त्रुटि होने पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी 11वीं कक्षा के दौरान आवेदन करते हैं। इस कारण वे बारहवीं कक्षा में आवेदन के दौरान सचेत रहते हैं। इसके अलावा जांच के बाद माशिम द्वारा जारी दसवीं की अंकसूची के आधार पर ही बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरे जाते हैं। इसके कारण भी 12वीं कक्षा के परीक्षा फॉर्म में अपेक्षाकृत कम त्रुटियां मिली हैं।



### ऐसी है छात्र संख्या

अब तक प्राप्त हुए आवेदनों के अनुसार, दसवीं कक्षा की परीक्षा में 3 लाख 23 हजार 49 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। ये नियमित छात्र हैं। इनके अलावा 7 हजार 489 छात्रों ने प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में आवेदन भरा है। वहीं बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार 293 विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगे, जबकि 6 हजार 920 ने प्राइवेट स्टूडेंट के रूप में आवेदन किया है।

## खबर संक्षेप

### लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड का काम शुरू



**रायपुर।** लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम शुरू हो गया। विदित हो कि रायपुर से महासमुंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का अत्यंत दबाव बना रहता है, जिसके चलते भीषण सड़क दुर्घटनाओं के कारण अनंत लोगों के असमय प्राण-पखेरू उड़ गए और अनगिनत लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा पहले भी इस सर्विस रोड के लिए लगातार जनप्रतिनिधियों से लेकर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी जनरल मैनेजर केके मिश्रा के अलावा रायपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रीजनल मैनेजर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर के संज्ञान में लाते हुए काम शुरू कराया गया था और अब फिर से यही नवनिर्मित सर्विस रोड की प्रथम परत के बाद दूसरी परत का भी जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य आरंभ कराया गया है।

### बाबा आंबेडकर हमारे फैशन इन्सपिरेशन और मोटिवेशन

**रायपुर।** सामाजिक संस्था डॉ. आंबेडकर अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता भगवानू नायक ने देश की उच्च सदन राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के बारे की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बाबा साहब हमारे फैशन, इन्सपिरेशन और मोटिवेशन हैं। बाबा साहब के कारण ही देश का वंचित वर्ग गर्व से सिर उठाकर जी रहा है। गृहमंत्री के बयान के बाद दलितों के प्रति भाजपा की सोच दर्शित हो गई। भाजपा के नेता कभी संविधान को बदलने की बात करते हैं, कभी आरक्षण की समीक्षा करने की बात करते हैं। अब तो संविधान निर्माता और दलितों के महानायक बाबा साहब के विषय में ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, 75वीं वर्षगांठ पर संविधान पर चर्चा महज दिखावा है, भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।

### मो. रफी के 100वें जन्मदिवस पर कल रंगारंग प्रस्तुति

**रायपुर।** हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 24 दिसंबर को मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 बजे से सुप्रसिद्ध गायक स्व. मो. रफी के 100वें जन्मदिन पर रायपुर के कलाकारों द्वारा कराओके की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर शहर के सिंगर्स मोहनी मल्लेवार, भूमि सागर, किट्टू सिन्हा, पंचमी शेन्द्रे, संध्या ठाकुर, कृष्णा शेषगिरी राव, हेमंत कुमार, मनोहर ठाकुर, डॉ. विजय तिवारी, मनोज मसंद, अतीक रहमान, संजय सिंह, प्रदीप साहू प्रस्तुति देंगे। तकनीकी सलाहकार एवं मंच संचालक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, शेषगिरी राव होंगे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम के जिम्मेदार कुछ भी कहने से बच रहे हैं अधिकारी

# कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग का मेंटेनेंस नहीं, गिर रहे प्लास्टर, सफाई व्यवस्था भी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टोरेट रेडक्रास भवन के सामने करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग की दीवारे मेंटनेंस के अभाव में अब खराब होने लगी हैं। इस पार्किंग की बाहरी दीवारों पर पीओपी से डिजाइन की गई है, जो मेंटनेंस के अभाव में उखड़ कर गिरने लगे हैं। यही नहीं, पार्किंग में सफाई व्यवस्था भी ठप है, जिसके कारण पार्किंग में जगह-जगह गंदगी पसरी पड़ी रहती है। यह व्यवस्था तब से चरमराई है, जब से इस मल्टीलेवल को पार्किंग के लिए निःशुल्क किया गया है। इधर इस मामले में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मल्टीलेवल पार्किंग का समय-समय पर मेंटनेंस व सफाई की जाती है।



### पार्किंग को निःशुल्क किया, तब से बिगड़ी व्यवस्था

*मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण होने के बाद नगर निगम ने इसका मेंटनेंस का काम हो सके, इसके लिए इसका टेंडर निकाला था। जिस ठेकेदार को इसका टेंडर मिला था, उसने निगम की शर्त के अनुसार पार्किंग शुल्क रखा था। यह शुल्क सरकारी कर्मचारियों के लिए नहीं था। उनके लिए यहां पार्किंग निःशुल्क थी, लेकिन ठेका पर देने के बाद पार्किंग के कर्मचारी मनमानी पर उतर आए थे और सरकारी कर्मचारियों के साथ आम लोगों से अनाप-शनाप किराया वसूलने लगे थे। कई बार आम लोगों ने इसकी शिकायत भी की थी। इन शिकायतों के बाद लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मल्टीलेवल पार्किंग का ठेका निरस्त कर पार्किंग को निःशुल्क कर दिया। इससे आम लोगों को तो राहत मिली, लेकिन पार्किंग निःशुल्क होने से पार्किंग की व्यवस्था जहां बिगड़ने लगी, वहीं बिल्डिंग का मेंटनेंस होना भी बंद हो गया। स्थिति यह है कि अब इस मल्टीलेवल पार्किंग में सरकारी कर्मचारियों व जरूरतमंद लोगों की वाहन की जगह लावारिस गाड़ियां ज्यादा दिखाई देती हैं, जो पिछले कई महीनों से यहां पार्क हैं।*

### ठेका पार्किंग का, मेंटनेंस-सफाई व्यवस्था रामभरोसे

मल्टीलेवल को अब सिर्फ पार्किंग व्यवस्था के लिए ठेके पर दिया गया है। इसके मेंटनेंस के लिए नहीं है, इसलिए इस बिल्डिंग का मेंटनेंस भी पिछले कई साल से नहीं किया जा रहा है। मेंटनेंस के साथ बिल्डिंग में सफाई व्यवस्था भी नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि बिल्डिंग की सफाई व्यवस्था भी ठप होने से जगह-जगह गंदगी पसरी रहती है।

### कर्मचारी सिर्फ पार्किंग की व्यवस्था संभालते हैं

निगम ने मल्टीलेवल पार्किंग का ठेका राजू गौरे नामक व्यक्ति को दिया है, जिसके अंडर में 6 कर्मचारी कार्य करते हैं। ये सभी कर्मचारी दो शिफ्ट में पार्किंग में सिर्फ गाड़ी रखने की व्यवस्था देखते हैं। ठेकेदार का कहना है कि पार्किंग व्यवस्था संभालने के लिए ठेका मिला है। उसके कर्मचारी सिर्फ गाड़ियों को खड़ी कराने की व्यवस्था देखते हैं, इसके अलावा और कोई दूसरा काम नहीं है।

### सीसीटीवी कैमरे खराब, गाड़ी चोरी की भी संभावना

पार्किंग में गाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी पिछले कई महीनों से खराब या बंद पड़े हुए हैं। इन कैमरों के चालू होने से यहां गाड़ी चोरी होने की संभावना भी कम थी, लेकिन अब यहां पार्क की जाने वाली गाड़ियां भी सुरक्षित नहीं हैं। कैमरों के साथ उनकी मॉनिटरिंग के लिए बनाया गया सेटअप रूम भी पिछले एक साल से बंद पड़ा हुआ है।

# आईएमए रायपुर का चुनाव कई साल बाद डॉ. सोलंकी नए अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी चिकित्सकों को शक्तिशाली मंच प्रदान करने वाले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर ब्रांच के डा. कुलदीप सोलंकी नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। रायपुर में सालों बाद आईएमए के पदाधिकारियों के चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई है। मतदान प्रक्रिया के दौरान डॉ. सोलंकी को 322 मत प्राप्त हुए और उनके निकटत प्रत्याशी डा. आशा जैन को 201 वोट मिले। जल विहार कालोनी के मैत्री भवन में आईएमए की मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। सुबह दस से शाम सात बजे तक पूरी हुई मतदान प्रक्रिया में हैं 850 सदस्यों में से 525 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आईएमए रायपुर उपाध्यक्ष पद के लिए डा. केतन शाह को 384, जबकि अन्य प्रत्याशी डा. किशोर झा को 308 तथा डा. अशोक बजाज को 188 मत मिले। इस तरह डा. शाह विजयी हुए। सचिव पद के लिए विजयी प्रत्याशी डा. संजीव श्रीवास्तव को 292 मत मिले। उनके निकटतम प्रत्याशी डा. दिग्विजय सिंह को 231 वोट प्राप्त हुए। इस मतदान के लिए आईएमए पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाता था। मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए डॉ ललित शाह को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। चुनाव की सारी प्रक्रिया डॉक्टर दिनेश मिश्रा, डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा और डॉक्टर शरद चांडक के मार्गदर्शन में पूरी हुई।

■ डॉ. केतन शाह उपाध्यक्ष, डा. संजीव श्रीवास्तव सचिव निर्वाचित

# तीन लाख चोरी करने के बाद गार्ड पर हमला, दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाना के दो सौ मीटर दूर एक ऑफिस में चोरी करने के बाद ऑफिस के सिक्यूरिटी में तैनात गार्ड पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने कैश 10 लाख रुपए, चोरी के पैसों से खरीदी गई बुलेट, एक्टिवा, आई फोन के साथ ई-रिक्शा जब्त किया है। पुलिस को आशंका है कि गिरफ्तार चोर ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। चोरी के आरोप में पुलिस ने खमतराई निवासी पवन बाघ, खम्हारडीह निवासी शिवा हरपाल को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों पर आरोप है कि दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फाफाडीह स्थित डॉ. सुब्बा राव गली के एक ऑफिस में 17-18 दिसंबर की दरमियानी रात दबिश देकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दिवाकर चंद्र त्रिपाठी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। दिवाकर ने पुलिस को बताया है कि बदमाशों ने जिस कार्यालय में चोरी की है, वह उसके मालिक नारायण अग्रवाल का है। दिवाकर कार्यालय में मैनेजर के पद पर कार्यरत था।



### देख लेने पर गार्ड पर चाकू से हमला

ऑफिस में चोरी कर भाग रहे चोरों को गार्ड विनय पाण्डेय ने देख लिया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने विनय के साथ मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जिन चोरों को पकड़ा है, घटना दिनांक को दोनों देर शाम संदिग्ध हालत में देखे गए थे। दोनों बदमाशों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की, तो दोनों ने अपना अपराध कबूल किया।

### खुल सकते हैं कई और चोरियों के राज

पुलिस के अनुसार चोरी के आरोप में जिन दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बदमाशों से जब्त कैश तथा अन्य सामान मिलने से पुलिस को पूछताछ में चोरों से और कई राज खुलने की उम्मीद है।

# निमोरा एसटीपी से उद्योगों को उपचारित जल बेचेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उपचारित जल अब उद्योगों के काम आ रहा है। निमोरा के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से आलोक फेरो एलायज लिमिटेड लाख लीटर उपचारित जल खरीदेगा। इससे नगर निगम को हर महीने करीब 5 लाख 22 हजार रुपए और सालाना 62 लाख से अधिक की राशि राजस्व के रूप में मिलेगी। नगर निगम अब अपने सीवरेज ट्रीटमेंट से उपचारित जल का विक्रय कर राजस्व का नया स्त्रोत तैयार करने जुटा हुआ है। इसी कड़ी में निगम प्रशासन ने हाल ही में आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। अनुबंध के मुताबिक निमोरा के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उरला प्लांट तक 7 किलोमीटर क्षेत्र में अनुबंधित कंपनी ने पाइप लाइन विस्तार कर परीक्षण कर लिया है। जल्द ही नगर निगम आलोक फेरो एलायज को प्रतिदिन 30 लाख लीटर उपचारित जल उपलब्ध करायेगा। 6 रुपए किलोलीटर की दर से नगर निगम उपचारित जल संबंधित कंपनी को उपलब्ध करायेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर जल के दोबारा उपयोग करने की दिशा में रायपुर नगर निगम का यह अनूठा प्रयास है। उद्योग समूहों को एसटीपी से उपचारित जल देने के संबंध में प्रतिदिन मानिटरिंग नगर निगम के सहायक अभियंता योगेश कडू द्वारा की जा रही है।



■ एक उद्योग से मिलेगा 64 लाख रुपए सालभर में राजस्व

# अपने इतिहास पुरुषों के बारे में जानना युवा पीढ़ी को जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपने इतिहास पुरुषों के बारे में हमें जानना जरूरी है, खासकर आज की युवा पीढ़ी को। युवा पीढ़ी इस पर रिसर्च, अध्ययन करे। जब तक हम उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में नहीं जानेंगे, उनकी गाथा को जानने की ललक हमारे भीतर नहीं जागेगी। उन्होंने हमारे समाज के लिए क्या किया, देश की आजादी में उनका क्या योगदान रहा, छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन में उनकी क्या भूमिका रही है, इस बात को स्मरण करने मात्र से गर्व की अनुभूति होती है। ये बातें राज्य आंदोलनकारी, छत्तीसगढ़ी पत्रकारिता के पुरोधा जागेश्वर प्रसाद ने हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में रविवार को आयोजित विचार गोष्ठी में कही। यह विचार गोष्ठी छत्तीसगढ़ की चार महान विभूतियों 'सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास, अछूतोद्धार के पुरोधा पं. सुंदरलाल शर्मा, मजदूर आंदोलन के अगुआ ठाकुर प्यारेलाल सिंह और संविधान पुरुष दाऊ घनश्याम सिंह गुप्ता' के व्यक्तित्व, कृतित्व पर था। विदित हो कि 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती थी, 21 दिसंबर को पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती और ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयंती तथा 22 दिसंबर घनश्याम प्रसाद गुप्ता की जयंती थी। इस मायने से भी छत्तीसगढ़वासियों के लिए दिसंबर का महीना बहुत खास हो जाता है। यह हमारे महापुरूषों के अवतरण का मास है, 31 दिसंबर तक बाबाजी की जयंती की धूम रहेगी।



### साझा रूप से शब्दांजलि अर्पित

*राज्य आंदोलनकारी, छत्तीसगढ़ी पत्रकारिता के पुरोधा जागेश्वर प्रसाद के संयोजन में विगत कई वर्षों से महान विभूतियों की जयंती पर गोष्ठी कार्यक्रम के बहाने उनकी व्यक्तित्व और कृतित्व पर परिचर्चाएं हो रही हैं। इसी कड़ी में 22 दिसंबर को छत्तीसगढ़ की चार महान विभूतियों को साझा रूप से शब्दांजलि अर्पित की गई। जागेश्वर प्रसाद के संचालन में विभूतियों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर चर्चा गोष्ठी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. केके अग्रवाल, वरिष्ठ गीतकार रामेश्वर वैष्णव, रंगकर्मी अरविंद मिश्रा, वरिष्ठ भाषाविद डॉ. सुधीर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार आशीष सिंह ठाकुर व डॉ. घनाराम साहू ने अपने-अपने सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी लोकखेल उन्नायक चंद्रशेखर चकोर, वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद धनगर, जयंत साहू, अशोक कश्यप, संजीव साहू, कविश हैदरी, श्यामूराम सेन, अशोक यादव, रोहित चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।*

# थर्ड जेंडर पर लिखी पुस्तक 'पंछी पिंजरे का उड़ चला' का विमोचन

**रायपुर।** थर्ड जेंडर केवल देखने या हंसने के नहीं, बल्कि सम्मान के पात्र हैं। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में आयोजित एक पुस्तक विमोचन के दौरान ये बातें गायत्री शक्तिपीठ की ट्रस्टी और जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने कहीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचीं श्रीमती वर्मा ने पुस्तक का विमोचन करने के बाद कहा कि पंछी पिंजरे का उड़ चला पुस्तक डॉ. चंद्रावती नागेश्वर ने लिखी है। यह पुस्तक थर्ड जेंडर के साथ ही पूरे समाज को आईना दिखा रही है। उन्होंने कहा कि आज थर्ड जेंडर को आमजन गलत नजरों से देखते हैं या फिर उनको जो सम्मान मिलना चाहिए, वह नहीं दिया जा रहा है।



ऐसे में रचनाकार ने अपनी पुस्तक में थर्ड जेंडर को लेकर जो रचना की है, वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर रचनाकार ने कहा कि इस पुस्तक को लिखने में उन्हें एक वर्ष लग गया। इस पुस्तक में देशभर से लगभग 20 ऐसे थर्ड जेडर की भी कहानी है, जिन्होंने जीवन में संघर्ष करते हुए अपना एक मुकाम बनाया है और आज उन सभी की अपनी अलग ही पहचान है।









Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



वार्षिकोत्सव

## नृत्य में दिखा प्रेम और करुणा का भाव, नाटक से समाज को संदेश



**रायपुर।** 'आत्मा की यात्रा' थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव में कक्षा पहली से आठवीं की छात्राओं ने प्रस्तुति दी। व्यक्ति के कर्म के अनुरूप आत्मा कार्य करती हैं, जिसके आधार पर सही और गलत कर्मों का आकलन किया जाता है। जीवन में योग, ध्यान, प्रेम एवं करुणा का भाव प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए। इस संदेश के साथ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह के अवसर पर आत्मा की यात्रा का मंचन नृत्य, खेल-कूद और योग के माध्यम से किया गया।

### नृत्य के माध्यम से जीवन यात्रा का दर्शन

द रेडियंट वे स्कूल द्वारा 36वां वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत कथक नृत्य की प्रस्तुति के साथ किया गया है। इस दौरान व्यक्ति के जीवन यात्रा में परिवार और दोस्तों की महत्वता को बताया गया। समारोह में स्कूल की प्राचार्या भावना दुबे, मुख्य अतिथि सोनमणी बोरा और समीर दुबे उपस्थित रहे। जिन्होंने संबोधन में कहा, समारोह का थीम 'आत्मा की यात्रा' रखा गया, इसमें व्यक्ति के बचपन से लेकर वृद्धा अवस्था तक का सफर दिखाया गया। जिसके अंत में आत्मा की यात्रा का समापन पर भी नृत्य नाटिका का मंचन नवमीं कक्षा की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिजन एवं पांच सौ से अधिक विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों ने नृत्य में पिरोई चंद्रयान की उपलब्धि



**रायपुर।** द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरमेडिकल साइंस ने 10वां वार्षिकोत्सव मनाया। इसमें मुख्य अतिथि श्री सत्य साई हेल्थ और एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सी. श्रीनिवास, श्री नारायणना हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ . सुनील खेमका, एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह व अतुल गर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर नन्हे9मुन्हे बच्चों द्वारा 'ग्रोइंग ऑफ एजेंस' को अपने नृत्य द्वारा दर्शाने की कोशिश की गई। कक्षा दूसरी व तीसरी के बच्चों द्वारा भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि चंद्रयान को बखूबी प्रस्तुत किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

## कथक नृत्य और कॉमेडी अभिनय ने मचाई धूम



**रायपुर।** न्यू विजन पब्लिक स्कूल देवपुरी का 17वां वार्षिक समारोह शहीद स्मारक भवन में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने कथक नृत्य, कॉमेडी और सहित कई अन्य रंगारंग कार्यक्रमों से धूम मचाई। इस दौरान मुख्य अतिथि डीएसपी टैफिक गुरजीत सिंह और विशेष अतिथि उद्यमी, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संदीप धुप्पड़, निदेशक सुनीता साहू, स्कूल के सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और अभिभावकों ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

## छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति पर दी प्रस्तुति



रायपुर। सालेम इंग्लिश स्कूल का 55वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने गीत नृत्य नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डायोसस ऑफ छत्तीसगढ़ की बिषप राट रेव्ह, सुषमा कुमार, विधायक पुरन्दर मिश्रा, डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ सचिव नितिन लॉरेन्स व सचिव सीडीबीई जयदीप राबिन्सन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 600 छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की पारम्परिक वेश-भूषा में छत्तीसढ़ी संस्कृति को नृत्य के माध्यम से बहुत ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या रूपिका लॉरेंस और सालेम इंग्लिश स्कूल सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश उपस्थित रहे।

## नृत्य में कला संस्कृति की झलक



रायपुर। उज्जवल पबिलक स्कूल प्रोफेसर कालोनी रायपुर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक सुनील सोनी की अध्यक्षता व स्कूल के अध्यक्ष कालिका प्रसाद प्रजापति, नरेन्द्र कुमार प्रजापति, प्राचार्या मनीषा प्रजापति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, संकुल प्रभारी खो खो पारा रायपुर राखी शर्मा, चमेली वर्मा द्वारा बच्चो के अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया।

"क्योंकि,जीना इसी का नाम है... साल का ओ एक दिन जब बड़े बुजुर्ग बचपन की यादों को ताजा करते हैं। दोस्तों संग मिलकर मस्ती भरे अंदाज में गुनगुनाते थिरते नजर आते है। शहर स्थित अंबे मंदिर परिसर में वृद्धाश्रम के बुजुर्ग के लिए शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें 150 बुजुर्ग शामिल हुए। दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम में युवाओं की मौजूदगी बड़ी संख्या में रही।"

# चाय की टपरी पर लगी बैठक, सांप सीढ़ी और कैरम पर दिखी स्पर्धा, डांस में झूमते हुए कहा 'जीना इसी का नाम है'

## कार्यक्रम के जरिए बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश



**रायपुर।** बुजुर्गों के लिए संस्था में मौजूद सदस्य ही उनके परिवार का सदस्य हैं, जिनके साथ वे सभी त्यौहार धूमधान के साथ मनाते हैं। युवाओं और बुजुर्गों के बीच का प्रेम देख कई लोग भावुक हो गए। जो अपने परिवार से दूर रहकर भी संस्था के साथ अपने जीवन का अंतिम सफर की ओर अग्रसर हैं। जैसे-जैसे व्यक्ति का उम्र बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे वह बच्चा बनते जाता है। ऐसा ही नजारा कार्यक्रम में देखा गया, जहां अपने दोस्तों संग बुजुर्गों ने मिलकर खूब ठहाके लगाए।

### यूपी वाला ठुमका लगाओ... पर सामूहिक प्रस्तुति

ओ खइके पान बनारस वाला, खुल जाए बंद अकल का ताला...पर भी डांस किया गया। कार्यक्रम के 15 दिनों पहले से डांस की तैयारी की गई, जिसमें 10 से अधिक बुजुर्ग शामिल हुए। यूपी वाला ठुमका लगाओ...पर दर्शक भी अपने स्थानों पर झूम उठे। अंतिम एकल प्रस्तुति वृद्धाश्राम के बुजुर्ग प्रदीप द्वारा दी गई, जिन्होंने चल अकेला, चल अकेला गाने पर डांस किया।



### बुजुर्गों के लिए नए निवास का निर्माण



*चलो-चलें रंग बिरंगे दुनिया की ओर...संदेश के साथ 'आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन' द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों के लिए पुराने खेल, टॉफी, सदाबहार फिल्मों के संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संस्था की फाउंडर तृप्ति लुनिया ने संबोधन में कहा, पुरानी बस्ती स्थित जमीन पर बुजुर्गों के निवास के लिए नया भवन का निर्माण किया जाना है। जहां एक साथ सौ बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान मनोहर जीवन कल्याण वृद्धानिवास, चितवन वृद्धाश्रम, माना वृद्धाश्रम, संजीवनी वृद्धाश्रम, श्याम नगर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग उपस्थित हुए।*

### सदाबहार गीतों पर झूमे

मैं ख्वाबों की शहजादी, मैं हूं हर दिल पे छाई....गाने से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी, जहां सभी बच्चों की तरह कई अंदाज में थिरकते नजर आए। प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। साथ ही डांस के प्रारंभ से लेकर अंत तक तालियों की गूंज परिसर में सुनने को मिली।



### जीना इसी का नाम है, प्लेटफॉर्म से निकली ट्रेन

*आयोजन के प्रारंभ से लेकर अंतिम समय तक क गतिविधियों में बुजुर्ग के लिए तैयार की गई। जहां बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाने युवाओं ने फिल्मी सॉन्ग पर डांस और पुराने खेलों में भी शामिल हुए। स्वागत समारोह में जो बुजुर्ग चलने के सक्षम नहीं थे, उन्हें गोद में उठाकर परिसर तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर युवाओं और बुजुर्गों द्वारा जीना इसी का नाम है, प्लेटफॉर्म से ट्रेन वाली खेल का प्रांरभ किया गया। इसमें 70-80 वर्ष के बुजुर्गों ने खुशी-खुशी हिस्सा लिया।*



वीआईपी रोड स्थित परंपरा गार्डन में दो दिवसीय सेमिनार का समापन

## गर्भवती महिला डायबिटीज पेशेंट तो संयमित आहार लें, नियमित करें एक्सरसाइज



**रायपुर।** देश की सबसे पुरानी संस्था रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया का हर साल की तरह इस बार भी सम्मेलन किया गया। इसमें देश के अलग-अलग शहरों से आए विशेषज्ञों ने डायबिटीज की रोकथाम के लिए किस तरह के प्रयास होने चाहिए। अगर किसी गर्भवती महिला को इस तरह की समस्या है, तो इसका असर बच्चे पर न पड़ने पाए। इसको लेकर डॉ. सुनील गुप्ता ने इस बिंदु पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर किसी गर्भवती महिला को डायबिटीज की शिकायत है, तो उन्हें कई तरह की सावधानी रखनी चाहिए। फैट बढ़ाने वाली खाद्य सामग्री का सेवन करने से बचना चाहिए। खाना भी कम खाना चाहिए। पेशेंट को चाहिए कि वे चावल का सेवन कम करें। खाने के बाद चलने की आदत डालें।

### शासन को देंगे नई जानकारी

आरएसएसडीआई की राजकीय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि यह संस्था सालभर राज्य में अपने 400 से अधिक सदस्यों के साथ निरंतर डायबिटीज रोगियों का निदान व उपचार करने के लिए समय-समय पर संगोष्ठी, सम्मेलन और कार्यशालाओं का आयोजन करती है। डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से आए एक्सपर्ट से प्राप्त जानकारी और राज्य में इस रोग के निदान से जुड़ी जानकारी शासन को भी देंगे, ताकि लोगों को इसके प्रभाव से बचाया जा सकें।

### डायबिटीज को बढ़ने से बचाव

व्याख्यान में डॉ. कविता गुप्ता ने गर्भवती महिला अगर डायबिटीज पेशेंट है, तो उन्हें संयमित खान-पान और नियमित एक्सरसाइज व योग करने की सलाह दी। एक्सपर्ट ने बताया कि डायबिटीज पेशेंट महिला को गर्भावस्था के दौरान हर हाल में डायबिटीज को बढ़ने से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करना होगा। ऐसा नहीं करने से किडनी, नसों और हृदय गति प्रभावित होगी। इसका असर बच्चे पर भी पड़ सकता है। इससे प्रभावित होने वाले लोगों की मानसिक स्थिति को बेहतर करने का उपाय भी डाक्टर्स को बताया।

## टैलेंट कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों ने डांसिंग व मॉडलिंग पर दिखाई प्रतिभा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित टैलेंट कांटेस्ट के ऑडिशन रविवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी चौक स्थित करेंसी टॉवर में हुआ। आयोजक केडी इवेंट्स के धनंजय सोनी व हेमा वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी व विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी सविता गुप्ता उपस्थित रही।

आयोजकों ने बताया कि सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग, एक्टिंग सहित कॉमेडी क्षेत्र में रुचि रखने वाले राजधानीवासियों के लिए यह ऐसा प्लेटफॉर्म था, जहां प्रतियोगिता के विजेताओं को द छत्तीसगढ़ वेब सीरीज में काम करने का मौका दिया जाएगा। भविष्य में उनकी कला को निखारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को आगे बढ़ाने रणनीति तैयार की जा चुकी है। दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक स्थल पर ऑडिशन हुआ, जहां बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्नर न्यूज



राजधानी पहुंचे पद्म भूषण अनुपम खेर ने बच्चों से साझा किया अनुभव

# जीवन में सफल होने का मंत्र.. कड़ी मेहनत के साथ आशावादी और ईमानदारी की राह पर चलें

जब भी किसी स्कूल में अतिथि बनाकर जाता हूं मुझे भी अपने बचपन के दिन याद आ जाते हैं। बड़े सुनहरे दिन थे। यह कहना है पद्मभूषण व बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर का।

**रायपुर।** वे रविवार को कृष्णा विकास ग्रुप के वार्षिकोत्सव में शामिल होने राजधानी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि स्कूल में मेरे लिए भी वार्षिकोत्सव बेहद खास दिन होता था। जिस तरह आज मैं स्कूलों में अतिथि बनकर जाता हूं, उसी तरह मेरे समय पर भी आया करते थे। अतिथि का जीवन से हम काफी प्रभावित होते थे। बहुत कुछ सीखने को मिलता था। कार्यक्रम में मंच के जरिए भी अनुपम खेर ने बच्चों को जीवन में कभी हार नहीं मानने की बात कही। प्रेरक उद्बोधन के जरिए युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

### मेरा एक ही उसूल कड़ी मेहनत करो

अनुपम खेर ने बातचीत में कहा कि मेरा जीवन में हमेशा से एक उसूल रहा है कि कड़ी मेहनत करो, आशावादी रहो और ईमानदारी की राह पर चलो। यह मेरे जीवन की सफलता का मंत्र है। हर लोगों को कहता हूं कि इस राह पर चलो। यह मेरा अनुभव है कि आपको सफलता जरूरी मिलेगी। मेरा जीवन इन्हीं राह से होकर गुजरा है। हर व्यक्ति को उसकी मंजिल मिल सकती है। बातचीत के दौरान अनुपम खेर ने राजनीतिक सवाल के जवाब देने से मना कर दिया। कहा कि स्कूल आकर राजनीतिक बात करना नहीं चाहता हूं। अच्छी चीजों को लोग याद रखें।

छत्तीसगढ़ी गीतों से किया स्वागत

*कार्यक्रम में छात्रों ने छत्तीसगढ़ी गीतों के जरिए अनुपम खेर का स्वागत किया। इस दौरान बारहमासी गीतों की प्रस्तुति देख-सुनकर खेर भी तालियां बजाते हुए नजर आए। मंच के जरिए छात्रों को अपनी प्रतिभा पहचान कर आगे बढ़ने की बात कही।अनुपम खेर ने अनुभव साझा करते हुए सपनों को साकार करने को कहा। बच्चे अपने बीच अभिनेता को पाकर बेहद खुश नजर आए। हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहे। बच्चों और अभिभावकों ने भी अनुपम खेर के साथ फोटो खिंचवाई।*

## सिटी लाइव

# शादी के 50वें साल में स्वर्ण दंपति धरोहर सम्मान से हुए पुरस्कृत



**रायपुर।** ऑल इंडिया ब्राह्मण फ्रंट द्वारा स्वर्ण दंपति एवं धरोहर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शशिकांत द्विवेदी और समाज सेवक संतोष पुजारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेश तिवारी ने की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निवेदिता मिश्रा ने बताया, संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष ब्राह्मण समाज के 15 दंपतियों को आमंत्रित कर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इनमें उपस्थित एक दंपति के विवाह को 50 वर्ष पूर्ण हो गया है, जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हैं।

### बुजुर्गों का सम्मान

उपाध्यक्ष योगेश तिवारी के बताया, यह सम्मान समारोह युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्वरूप आयोजित किया जाता है। वर्तमान में तलाक जैसी समस्याओं का सामना युवाओं को करना पड़ रहा, जिससे कारण कई परिवार बिखर जाते हैं। युवा पीढ़ी बुजुर्गों से चर्चा कर उनके अनुभव को समझने का प्रयास करें, इससे विवाह संबंधित कई समस्याओं का समाधान सरलतापूर्वक मिल सकता है। बुजुर्ग दंपतियों का स्वागत फूलों के हार से किया गया। कार्यक्रम में दंपतियों के जीवन की विभिन्न चुनौतियों एवं अनुभवों को साझा करने की बात भी कही गई। कार्यक्रम में निवेदिता मिश्रा, आभा शर्मा, उमा तिवारी, सुनीता तिवारी, मल्लिका मिश्रा, अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अवधेश धर दीवान, सुधीर तिवारी, अविनाश मिश्रा, अखिलेश शर्मा, दीपक तिवारी, भारती अवतार शर्मा, विनय दुबे, राजू महराज पलारी उपस्थित रहे।

**● अंतर्राष्ट्रीय किसान दिवस : हरिभूमि से किसान बोले- आधुनिक तकनीक से ही आर्थिक समृद्धि संभव**

# नई तकनीक ने बदला कृषि का तरीका, युवाओं ने धान की खेती से किया किनारा, अब विदेशी फसलों में रुझान

*धान का कटोरा होने का गौरव दिलाने वाले छत्तीसगढ़ के किसान अब बारहमासी पैदावार से जुड़ने की जुगत लगा रहे हैं। इसमें बेहतरी के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। मजे की बात है कि युवा कृषकों ने धान की खेती से भी तौबा कर लिया है। 17 से लेकर 500 एकड़ कृषि भूमि के मालिकों ने अंतरराष्ट्रीय किसान दिवस को लेकर हरिभूमि से चर्चा में कहा कि आधुनिक संसाधनों ने मैन पॉवर का उपयोग भी आधा कर दिया है। कोलकाता, दिल्ली और झारखंड तक सब्जी ही नहींए फलों की खेप जाने लगी है।*

**रायपुर।** कृषि के क्षेत्र में अब अंचल के किसानों ने भी आधुनिक तकनीक और संसाधनों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इसके लिए ट्रैक्टर, दवा का छिड़काव करने के लिए पॉवर मशीन और ड्रोन इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं, पानी की वजह से कृषि कार्य प्रभावित न होने पाए, इसके लिए कृषि भूमि को ड्रीप सिस्टम से कवर्ड करते हैं। इससे पानी की बर्बादी रोकने के साथ ही बारहमासी खेती भी करने लगे हैं। इसका उन्हें डेढ़ से दो महीने में ही फायदा भी मिलने लगता है। युवा कृषकों की माने तो समय के साथ कृषकों द्वारा किए जा रहे बदलाव से आर्थिक समृद्धि की ओर किसान बढ़ रहे हैं। कृषकों की माने तो उन्होंने धान का उत्पादन ही बंद कर दिया है। घर में उपयोग के लिए वे चावल खरीदते हैं।



### जनवरी में कृषक सजाएंगे मेला

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ से जुड़े ऐसे 5 हजार से ज्यादा किसानों का एक बड़ा आयोजन भी 10 जनवरी को होने वाला है। तीन दिनों तक कुम्हारी के खपरी क्षेत्र में किसानों का लगने वाला मेला इस बार भी खास होगा। धान की खेती छोड़ने और फल-फूल व सब्जियों की खेती से जुड़ने से आर्थिक खुशहाली भी आएगी, यह संदेश देने के लिए भव्य कृषि मेला का आयोजन करने की तैयारी है। इसमें सैकड़ों कृषक स्टाल भी लगाएंगे। इसमें मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और केन्द्रीय मंत्रियों को भी न्योता देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### धान की खेती बंद, खरीदता हूं...



खपरी दुर्ग के कृषक दीप चौहान बताते हैं कि 8 साल से अपनी 17 एकड़ कृषि भूमि में केले की खेती कर रहा है। इसमें पर्याप्त पानी पौधे को मिले, इसके लिए ड्रीप तकनीक का इस्तेमाल खेतों में करता है। पहले छत्तीसगढ़ में केला महाराष्ट्र से आता था। इसे देखते हुए मैंने केले की खेती के लिए जानकारी जुटाई। इसके बाद आधुनिक संसाधनों और तकनीक से खेती करने लगा। धान की खेती मैं नहीं करता। खाने के लिए बाजार से 10-20 हजार रुपए में चावल खरीद लेता हूं। इससे आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता मिला है।

### खेतों को किया ड्रीप से कवर्ड



महासमुंद स्थित फार्म हाउस में आधुनिक खेती करने वाले दिलीप राठौर ने बताया कि कुम्हारी में भी फार्म हाउस है। दोनों जगह मिलाकर 50 एकड़ कृषि भूमि हैं। इसमें सीताफल, केला, टमाटर, गोभी जैसी मौसमी सब्जियों की खेती करता हूं। आधुनिक ट्रैक्टर व पॉवर मशीन से दवा का छिड़काव करने के साथ ड्रोन का भी उपयोग करते हैं। एक-एक लाख लीटर की टंकी के पास मोटर लगाकर फलों व सब्जियों को ड्रीप से पानी देते हैं। अभी प्रति एकड़ 2 कर्मचारी लगते हैं। पहले 200 कर्मचारी इस काम में लगते थे।

### बढ़ने लगा कृषि व्यवसाय



कुम्हारी निवासी वीरेन्द्र सिंह लोहान बताते हैं कि ज्वाइंट फैमिली होने से कृषि भूमि 5 सौ एकड़ हैं। इसमें 2017 से धान की खेती करने की बजाय सब्जी, शिमला मिर्च, अचारी मिर्च, आम, जाम, ट्रैगन फ्रूड की पैदावार लेने लगा। इससे दिल्ली, कोलकाता और झारखंड तक व्यावसाय बढ़ा है। वहां के व्यापारी खुद आर्डर देने और अपनी ट्रकें लेकर आते हैं। वर्षों पहले जब पाकिस्तान बार्डर खुला था, तब लाहौर और बाघा बार्डर क्षेत्र में भी फलों व सब्जियों की खेप जाती थी। अब देश के शहरों व राज्यों तक सीमित हैं।

## धर्म लाइव

# भौतिक युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रहीं, बेलगाम इच्छाएं ही तनाव का कारण



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर में राजयोग ध्यान समारोह का आयोजन किया गया। आन्तरिक शान्ति और विश्व सद्भावना विषय पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने कहा कि वर्तमान भौतिक युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ती जा रही हैं। इन बेलगाम इच्छाओं के कारण जीवन में तनाव बढ़ रहा है और तनाव के कारण लोग अनेकानेक बीमारियों के शिकार होते जा रहे हैं। जीवन में तनाव को दूर करने का सबसे अच्छा साधन मेडिटेशन यानी ध्यान करना है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे मन शान्त होता है और एकाग्रता बढ़ती है। ध्यान से हमें शारीरिक और मानसिक लाभ तो होता ही है, परस्पर एकता और सद्भावना भी जागृत होती है। राजयोग से हमें आत्म निरीक्षण का अवसर मिलता है।

### साधना के माध्यम से ही संभव

हार्टफुलनेस मेडिटेशन के जोनल कोआर्डिनेटर एवं प्रशिक्षक देवनारायण शर्मा ने कहा कि विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। कई देश अहंकार और दुर्भावना के कारण आपस में लड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में आन्तरिक शान्ति और वैश्विक सद्भावना की बहुत अधिक जरूरत है, जो कि एकमात्र ध्यान साधना के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने अलग-अलग ध्यान पद्धति के साधकों को एक मंच पर लाने के ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ध्यान करने से जीवन में परिवर्तन आता है। एक व्यक्ति के ध्यान करने से पूरे घर के वातावरण में शुद्धता आ जाती है। योग आयोग के मुख्य प्रशिक्षक प्रो. छबिराम साहू ने महर्षि पतंजलि द्वारा सिखाए गए अष्टांग योग की चर्चा करते हुए कहा कि ध्यान का अभ्यास देवत्व को जागृत करने का प्रयास है।

# जाति बंधन को तोड़ 13 दिव्यांगों ने चुना जीवन साथी, कहा-मिलकर निभाएंगे साथ

**रायपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, मारवाडी युवा मंच, कान्य कुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में 15वां राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां प्रदेश के अलावा बिहार, ओडिशा समेत देश के कई राज्यों से 258 दिव्यांग पहुंचे, जिसमें 155 युवक और 103 युवतियों रहीं। 13 जोड़ों का विवाह तय हुआ। तय हुए जोड़ों का विवाह अगले वर्ष 16 फरवरी को होगा।

मुख्य अतिथि स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आयोजन में आए सैकड़ों दिव्यांग युवक-युवतियों का घर बसता देखना अपनेआप में बहुत खूबसूरत पल है। यदि भगवान इंसान को किसी अंग की दिव्यांगता देता है तो स्वाभाविक रूप से किसी ऐसे हुनर से भी नवाजता है जो कि सकलांग के पास भी नहीं होते। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की तरफ से दिव्यांग वर और वधू को 50-50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। दूसरे मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश, सतना के पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन देश के कोने-कोने में होना चाहिए, ताकि दिव्यांग युवक व युवतियों का भी घर बस सके।





### सकलांग व्यक्तियों ने थामा दिव्यांगों का हाथ

बलरामपुर की निर्मली सकलांग हैं और उन्होंने अपने ही जनपद के सौ प्रतिशत दिव्यांग बसंत लाल को पसंद किया है। 8वीं पास बसंत लाल महीने का दस हजार रुपए कमा लेते हैं। इसी तरह जशपुर की सकलांग शीबा कोरबा ने 40 प्रतिशत दिव्यांग दयाशंकर का हाथ थामा है। दोनों की ही जातियां एक नहीं है। राजनांदगांव के धरमराम केंवट सकलांग हैं और उन्होंने एक पैर से दिव्यांग डोंगरगढ़ की रहने वाली ममता चन्द्रवंशी के साथ जीवन बिताने की इच्छा जाहिर की।

### गया बिहार से आए दो युवक-युवतियों को मिले उनके जीवनसाथी



विकलांग युवक-युवती परिचय मंच पर आए बिहार के गया से दो व्यक्तियों को उनकी जीवनसाथी मिल गईं। पहली जोड़ी सावित्री और राजेश की है। दोनों अलग-अलग जातियों से आते हैं। बिहार में क्यों शादी नहीं कर ली या कोर्ट मैरिज क्यों नहीं की के सवाल पर राजेश बताते हैं, उनके घर वाले नहीं चाहते हैं कि उनका ब्याह सावित्री के साथ हो। सावित्री सिलाई करती हैं और महीने का 5000 रुपए तक कमा लेती हैं। वहीं, राजेश प्राइवेट बीएड कॉलेज में प्रवक्ता हैं और महीने की 12000 रुपए तनख्वाह पाते हैं। जहां राजेश 76 प्रतिशत दिव्यांग हैं, वहीं सावित्री 46 प्रतिशत हैं। दूसरा जोड़ा सरिता कुमारी और प्रमोद कुमार हैं। सरिता 58 प्रतिशत दिव्यांग हैं, वहीं प्रमोद 74 प्रतिशत है। 12वीं पास सरिता ट्यूशन पढ़ा कर अपना गुजारा करती हैं। वहीं, प्रमोद साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। प्रमोद बताते हैं कि कोई भी नहीं चाहता कि दिव्यांग का घर बसे। प्रमोद कहते हैं, मौका मिलेगा तो ब्लाक स्तर पर दिव्यांगजनों का निरीक्षक बनना चाहूंगा।



# क्रिसमस रैली में जिंगल बेल की धुनों पर झूमें लोग, झांकी ने किया आकर्षित

**रायपुर।** कैथोलिक ईसाई समुदाय की ओर से रविवार को शहर में भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई। यह रैली धर्मगुरु आर्च बिशप, डॉ. विक्टर हैडरी ठाकुर व सीएन आई डायसीस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार के अगुवाई में प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव की खुशियां लोगों में बांटी। इस दौरान जनसमूह के साथ आपसी भाईचारा मानव कल्याण प्रेम के संदेश दिया। सद्भावना मेगा रैली शहर के संत जोसफ महा गिरजाघर बैरन बाजार से निकाली गई। रैली सेन्ट पाल चर्च होती हुई नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इसमें विशाल संख्या में लोग झांकी व डीजे साउंड सिस्टम में नाचते-गाते खुशियां मनाते शामिल हुए।





### लोगों में बांटी खुशियां



फादर, रेव्ह पास्टर व पारदियों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्म संदेश की घोषणा की गई। नगर निगम प्रांगण में आर्च बिशप डॉ. विक्टर हैडरी ठाकुर, बिशप डॉ. सुषमा कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन काल पर विचार व्यक्त करते हुए क्रिसमस सद्भावना मेगा रैली को संबोधित किया। उन्होंने ईसाई समुदाय को क्रिसमस की बधाई दी।

## आराधना

# शिव महापुराण से पहले आज भव्य मंगल कलश यात्रा



**रायपुर।** सेजबहार में 24 दिसंबर से शुरू होने वाले श्री शिव महापुराण से पहले सोमवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 1100 माता- बहनें शिव मंदिर के पास स्थित तालाब से कलशों में जल धारण करने के बाद पंडाल तक मंगल कलश यात्रा का हिस्सा बनेंगी। इसमें शामिल होने वाली श्रद्धालु महिलाएं पीले वस्त्र में नजर आएंगी। आयोजन समिति के प्रमुख कमल देवांगन, हेमंत देवांगन और समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। बताया कि मंगल कलश यात्रा सुबह 9 बजे शुरू होगी। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया है।

### कथावाचक का होगा आगमन

कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का आगमन 23 दिसंबर को होगा। माना एयरपोर्ट पर आयोजन समिति के द्वारा महाराज का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसमें देवांगन समाज के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। शिव कथा सुनने के लिए लोग एक सप्ताह पहले से ही पंडाल में जमने लगे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों के श्रद्धालु शामिल हैं। पंडाल में उनके लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था शुरू की गई है।

**आईजीकेवी में युवा महोत्सव मड़ई का रंगारंग समापन, कृषि मंत्री ने की हौसला अफजाई**

# कला-संस्कृति से जुड़े युवाओं ने पेश किया बेजोड़ नृत्य, 30 कृषि कॉलेजों में रायपुर बना चैम्पियन

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जारी 4 दिवसीय इंटर कॉलेज सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। इसमें कलाए संस्कृति से जुड़े युवाओं ने कई विधाओं में नृत्यों की श्रृंखला सजाई। छत्तीसगढ़ी और आदिवासी नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति से युवाओं ने दर्शकों को उत्सव का माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 25 विधाओं में आयोजित महोत्सव की श्रृंखला में अंतिम दिन को भी प्रतिभगियों ने यादगार बनाने का प्रयास किया। विजेताओं का हौसला फजाई करने के लिए कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में मंचस्थ हुए। अध्यक्षता कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की।




### प्रतापपुर व नारायणपुर की झांकी...

महोत्सव का ओवर ऑल चैम्पियन कृषि कॉलेज रायपुर को घोषित किया गया। कृषि कॉलेज राजनांदगांव मड़ई 2024 का ओवर ऑल रनरअप रहा। मड़ई के पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा में प्रस्तुत झांकियों में कृषि कॉलेज प्रतापपुर को प्रथम तथा कृषि कॉलेज नारायणपुर को दूसरा स्थान मिला। संगीत स्पर्धाओं में रायपुर विजेता तथा कृषि कॉलेज कवर्धा उप विजेता रहा। वहीं, नृत्य में कृषि कॉलेज रायपुर विजेता तथा जगदलपुर उप विजेता रहा। सभी कॉलेजों के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

### हमेशा याद रहेगा यहां बिताया दिन

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति बेहद समृद्ध है। विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति से लगाव व उपस्थित युवाओं की ऊर्जा और जोश देखकर अभिभूत हूं। समापन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कर्मा नृत्य एवं पंथी नृत्य देखकर मन आनंदित हुआ। इससे कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हो गई। कुलपति डॉ. चंदेल ने कहा कि पिछले चार दिनों से यहां उत्सव का माहौल है। सभी कॉलेज के विद्यार्थियों ने कला का प्रदर्शन किया। यहां बिताया गया हर दिन हमेशा याद रहेगा, क्योंकि सभी ने बेहतर किया है।



### सभी विजेताओं को किया पुरस्कृत

अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा ने मड़ई के तहत चार दिनों तक सजाई गई प्रस्तुतियों की श्रृंखला के बारे में जानकारी दी। सचिव डॉ. बी.पी. कतलम ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग में बेस्ट करने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन, आदिवासी नृत्य, पाश्चात्य समूह गीत, मूक अभिनय के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल हुए युवा खिलाड़ी



**रायपुर।** एक दिवसीय सब जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता रविवार को साइंस कॉलेज मैदान में तीरंदाजी अकादमी ग्राउंड में आयोजित की गई। जिसमें 18 जिले से 310 तक कोच, तीरंदाज मैनेजर, पदाधिकारी, शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में पैरा आर्चरी के 15 तीरंदाज भी शामिल हुए। सब जूनियर और पैरा आर्चरी के नेशनल टूर्नामेंट जयपुर में सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के साथ साथ होने जा रही है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महामंत्री आयुष मुरारका ने बताया कि समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में वनवासी विकास समिति के संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप, वनवासी समिति के प्रदेश महामंत्री ,अनुराग जैन और बालोद जिला तीरंदाजी के प्रमुख लुनिया और छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका प्रमुख रूप से शामिल है।


मुख्य अतिथि रामनाथ कश्यप ने कहा कि वनवासी क्षेत्र में काम करने वाले चाहे खिलाड़ी हो चाहे सामाजिक कार्यकर्ता हो उनकी अपनी एक अलग पहचान है,आदिवासियों को तराशने की जरूरत है। अगर ठीक से उनको तराशा गया तो छत्तीसगढ़ के आदिवासी राष्ट्रीय क्या अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक में भी मेडल ला सकते हैं। इस अवसर पर अनुराग जैन और सौरभ लुनिया ने भी सभी तीरंदाजो को शुभकामनाएं और बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल की बहुत संभावनाएं। आयुष मुरारका ने बताया कि टाटानगर के विजेता खिलाड़ियों भी अभिनंदन किया गया। 18 जिलों से आए कोच, पैरा तीरंदाज, स्कोरर, सभी को स्मृति चिह्न, टी शर्ट और लोवर देकर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित सभी तीरंदाजो को शू, टी शर्ट, लोवर और किट देकर सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन कैलाश मुरारका ने किया।

### जिला बैडमिंटन स्पर्धा में रूआन हर्ष, अनन्या, कनक, सुखदा और अधिराज बने चैंपियन



**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल के प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं हेतु आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल मुकाबले आज संपन्न हुए। जिसके परिणाम में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल रूआन बैद ने ह्यांश राणा को 15-2,15-8 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में रूआन बैद ने सूर्य नारायण सिंह ठाकुर को 15-7,15-9 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में हर्ष देशपांडे ने रुचिर वरुडकर को 15-13,15-12 से हराया। 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में हर्ष देशपांडे ने रुचिर वडुरकर को 11-15,15-12,15-9 से हराया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल फाइनल अनन्या निहाल ने स्तुति सरकार को 15-10,15-9 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल फाइनल कनक मालानी ने आयशा खान को 15-9,15-10 से हराया। सीनियर वर्ग बालिका एकल फाइनल में सुखदा अवस्थी ने अंशिका चौधरी को 15-7,15-8 से हराया। सीनियर वर्ग बालक एकल फाइनल अधिराज बाजपेयी ने रूद्राक्ष तिवारी को 15-9,15-9 से हराया। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अवतार जुनेजा और जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अली प्रधान के हाथों सम्पन्न हुआ।

### राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप आज



**रायपुर।** लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के द्वारा दूसरे छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन एनटीपीसी लारा रायगढ़ मे 23 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। जिसमे राज्य के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यहां चयनित खिलाड़ी उदयपुर राजस्थान में होने वाले नेशनल लैक्रोस चैंपियनशिप में भाग लेंगे। लैक्रोस एक तेज गति वाला, संपर्क टीम खेल है, जिसमें खिलाड़ी गेंद को प्रतिद्वंद्वी के गोल में मारने के लिए स्टिक का उपयोग करते हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी लैक्रोस को आगे बढ़ाने की दिशा में सहयोगी है।

दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिम को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कर रहे सावधान

# अक्सर होने वाले सिरदर्द को न करें अनदेखा, हर साल 2.5 लाख से अधिक लोग आ रहे इसकी चपेट में


हम में से अधिकतर लोग अक्सर होने वाले सिरदर्द, सामान्य बुखार जैसी समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि कुछ स्थितियों में इसके गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं? सामान्य सी दिखने वाले येसमस्याएं कुछ स्थितियों में गंभीर अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं, जिसके कारण जान जाने का भी खतरा हो सकता है। दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को सावधान कर रहे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ब्रेन ट्यूमर ढाई लाख से अधिक लोगों की मौत का कारण बन रहा है।

साल 2020 में ब्रेन ट्यूमर और इसके कारण होने वाले कैंसर से 2.46 लाख लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर बताते हैं, हो सकता है कि ब्रेन ट्यूमर होने के बावजूद भी आपको कई वर्षों तक इस बारे में पता ही न चले। कई मामलों में ट्यूमर का विकास इतनी धीमी गति से होता है कि इसके लक्षण नजर ही नहीं आते हैं। इस स्थिति में जरूरी है कि आप कुछ सामान्य संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहें। यही कारण है कि डॉक्टर अक्सर होने वाले सिरदर्द को अनदेखा न करने की सलाह देते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे पता लगाया जा सकता है कि कहीं आपको ब्रेन ट्यूमर तो नहीं है?



ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों के बारे में जानने से पहले ये समझ लेना आवश्यक है कि आखिर ब्रेन ट्यूमर होता क्या है? ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में या उसके आस-पास की कोशिकाओं में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होता है। ये कैंसर कारक भी हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि मस्तिष्क में 120 से अधिक विभिन्न प्रकार के ट्यूमर विकसित हो सकते हैं। यदि परिवार में किसी को ब्रेन ट्यूमर हुआ हो तो अन्य लोगों को भी सावधान रहने की सलाह दी जाती है।इसके अलावा प्लास्टिक और रसायन उद्योग में काम करने वाले लोगों में भी इसका खतरा हो सकता है। आनुवांशिकता के साथ लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के साथ कई तरह की पर्यावरणीय स्थितियों के कारण आप इस गंभीर समस्या का शिकार हो सकते हैं?

### आपको भी तो नहीं होता है अक्सर सिरदर्द




डॉक्टर बताते हैं, ब्रेन ट्यूमर की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती रह सकती हैं, सिरदर्द होना इसका सबसे आम संकेत है। डॉक्टर कहते हैं, सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज्यादा बढ़ जाता है या अक्सर बने रहने वाला सिरदर्द कई मामलों में ब्रेन ट्यूमर का संकेत हो सकता है। अगर आपको भी इस तरह की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें। मस्तिष्क में होने वाले ट्यूमर के लक्षण इसके आकार और स्थान पर निर्भर करते हैं। कई मामलों में लक्षण इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर कितनी तेजी से बढ़ रहा है? सिरदर्द होना इसका प्रारंभिक संकेत माना जाता है, इसे अनदेखा न करें।

### ब्रेन ट्यूमर के इन लक्षणों के बारे में भी जानिए

जिन लोगों को ब्रेन में ट्यूमर की समस्या होती है उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है और इसके कई तरह के लक्षण हो सकते हैं। सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज़्यादा होता है।बार-बार होता है और ज्यादा गंभीर रूप से होने वाला सिरदर्द।मतली या उल्टी जैसा महसूस होना। आंखों की समस्याएं, जैसे कि धुंधला दिखाई देना, दोहरी दृष्टि।हाथ या पैर में संवेदना या गति कम हो जाना। शारीरिक संतुलन और बोलने में कठिनाई महसूस होना। समय के साथ याददाश्त संबंधी समस्याएं होना। अक्सर चक्कर आना या ऐसा महसूस होना कि दुनिया घूम रही है।

ब्रेन ट्यूमर हर बार कैंसर नहीं ब्रेन ट्यूमर के सभी मामले कैंसर वाले हों ये जरूरी नहीं है। समय पर इलाज से इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम किया जा सकता है। अगर आपकी उम्र अधिक है, आप मोटापे का शिकार हैं या फिर रसायनों के संपर्क में अधिक रहते हैं तो ब्रेन ट्यूमर के संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है।




## दूर बैठे पार्टनर के साथ मनाना है न्यू ईयर, ऐसे प्लान करें वर्चुअल डेट

इस साल क्रिसमस और न्यू ईयर वीकेंड में नहीं, बल्कि सप्ताह के बीच में है, इस कारण दफ्तर से छुट्टी मिलना भी संभव नहीं। ऐसे में अपने पार्टनर से मीलों दूर रह रहे लोग नए साल पर वर्चुअल डेट की योजना बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि दूर बैठे कपल कैसे नया साल मनाएं ताकि उन्हें एक दूसरे की कमी का अहसास न हो।

नया साल 2025 आने वाला है। नए साल की स्वागत के लिए हर कोई उत्साहित है। लोग तरह-तरह के सेलिब्रेशन आइडियाज पर विचार करने लगे हैं ताकि साल की शुरुआत यादगार तरीके से की जा सके। शादीशुदा या जो कपल रिलेशनशिप में हैं, वह अपने प्रिय के साथ ये दिन मनाने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसे में 25 दिसंबर या नए साल के जश्न के लिए वह एक दूसरे के साथ रहने की योजना बना रहे होंगे। हालांकि कई कपल्स ऐसे भी हैं जो पढ़ाई या नौकरी के कारण एक दूसरे से मीलों दूर हैं यानी लॉन्ग डिस्टेंस वाले कपल। इस साल क्रिसमस और न्यू ईयर वीकेंड में नहीं, बल्कि सप्ताह के बीच में है, इस कारण दफ्तर से छुट्टी मिलना भी संभव नहीं। ऐसे में अपने पार्टनर से मीलों दूर रह रहे लोग नए साल पर वर्चुअल डेट की योजना बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि दूर बैठे कपल कैसे नया साल मनाएं ताकि उन्हें एक दूसरे की कमी का अहसास न हो।

### एक साथ करें लंच या डिनर



वर्चुअल डेट पर एक-दूसरे के साथ को महसूस करने के लिए आप साथ में खाना खा सकते हैं। भले ही आप एक-दूसरे से दूर हैं लेकिन आनलाइन डिनर डेट प्लान कर सकते हैं। इसके लिए दोनों लोग एक जैसा खाना बनाएं या आर्डर करें। फिर वीडियो कॉल पर एक साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। ध्यान रखें कि डेट पर दौरान सिर्फ आप दोनों ही हों।

### कॉफी डेट

अक्सर कपल कॉफी डेट पर इसलिए जाते हैं ताकि वह पार्टनर के मन की बातें जान सकें और बातें कर सकें। वर्चुअल डेट पर भी आप ऑनलाइन माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। घर पर काफी बनाकर अपने पार्टनर को वीडियो कॉल करें और उनके मन की बात जानें व अपने मन की बात कहें।

### फिल्म या सीरीज देखना

आजकल कई सारे ओटीटी प्लेटफार्म हैं जिसपर दूर बैठे आप एक साथ एक जैसी ही फिल्म या सीरीज देख सकते हैं। कपल एक दूसरे से दूर हैं तो भी एक साथ अपने-अपने गैजेट पर एक जैसी सीरीज या फिल्म लगाकर देख सकते हैं। इससे महसूस होगा कि आप साथ में मूवी डेट पर हैं।

### तोहफे भेजें

अपनी कमी का अहसास पार्टनर को नहीं होने देना चाहते हैं तो उन्हें कोई ऐसा गिफ्ट भेजें जिसे पाकर वह आपके करीब महसूस कर सकें। नए साल को दूर रहते हुए भी सेलिब्रेट करने के लिए आप पार्टनर को फूल या उनकी पसंदीदा चीज तोहफे में दे सकते हैं।

## वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के बीचों-बीच क्या होना चाहिए, जानिए जरूर

वास्तु शास्त्र में घर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं जिनका ध्यान रखते हुए पालन करने से वास्तु दोष उत्पन्न नहीं होता है और घर में सकारात्मकता बनी रहती है। ठीक ऐसे ही वास्तु शास्त्र में इस बात का वर्णन मिलता है कि घर में कौन सी चीज कहां रखनी चाहिए या नहीं रखनी चाहिए और किस जगह को खाली छोड़ना चाहिए। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि अक्सर लोग घर के बीच की जगह में खंबा बनवा देते हैं, क्या किसी कमरे का निर्माण करवा देते हैं या फिर कोई भारी सामान रख देते हैं जो कि गलत है। ऐसा करने से वास्तु दोष पनपने लगता है और घर की उन्नति भी रुक जाती है। ऐसे में आइये जानते हैं कि आखिर घर के बीचों-बीच क्या रखना चाहिए।

वास्तु शास्त्र में यह बताया गया है कि घर के बीच का स्थान ब्रह्म स्थान कहलाता है। ब्रह्म स्थान यानि कि वो जगह जहां सबसे ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि इस स्थान को खाली छोड़ा जाए। घर के बीच की जगह को खाली छोड़ने से इस स्थान पर दिव्य ऊर्जा का वास स्थापित हों लगता है जबकि अगर इस स्थान को सामान या निर्माण से भरा जाए तो नकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है और घर में बढ़ती ही चली जाती है। ऐसा नहीं है कि घर के बीचों बीच कुछ रखा नहीं जा सकता है, लेकिन क्या रखना चाहिए इसके बारे में जान लेना आवश्यक है। घर के मध्य के स्थान पर आप तीन चीजें रख सकते हैं। पहला जगह के आकार मुताबिक शुभ पौधे। दूसरा घर के बीचों-बीच अगर आप हाथी की मूर्ति रखते हैं तो यह बहुत लाभकारी माना जाता है।

## घर में गैस पर आसानी से बनाएं बाटी-चोखा, उंगलियां चाटते रह जाएंगे लोग



अगर आपके पास ओवन या एयरफ्रायर भी नहीं है तो घर के गैस चूल्हे पर भी बाटी बनाई जा सकती है। यहां आपको गैस-चूल्हे पर बाटी बनाने का आसान तरीका बताया जा रहा है। गैस पर बाटी बनाना काफी आसान है और इसका स्वाद भी तंदूरी बाटी जैसा ही होता है। आइए जानते हैं स्टेप-बाय-स्टेप बाटी बनाने की विधि। दो कप गेहूं का आटा, दो बड़े चम्मच सूजी, चार चम्मच घी, नमक, बेकिंग पाउडर, हींग, जीरा, पानी, घी।

### बाटी बनाने की आसान विधि

स्टेप 1- एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, सूजी, नमक, हींग और जीरा डालकर मिला लें। चार बड़े चम्मच घी के डालकर अच्छी तरह से मिला लें।

स्टेप 2- थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूथ लें और गूथे हुए आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें।

स्टेप 3- बाटी बनाने के लिए छोटे-छोटे आकार की लोइयां लेकर गोल बना लें। हल्के हाथों से गोलों को हल्का चपटा करें। ध्यान रखें कि इसमें कोई दरार न आए।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## ऑस्कर 2025 को होस्ट करेंगे जाने-माने कॉमेडियन ब्रायन



कॉनन ओ'ब्रायन को आधिकारिक तौर पर 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर 2025) के मेजबान के रूप में चुना गया है। इसकी जानकारी अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी गई। यह घोषणा ऑस्कर द्वारा हॉलीवुड की सबसे बड़ी रात के लिए जिमी किमेल, जॉन मुलैनी और कई अन्य लोगों से संपर्क करने के महीनों बाद की गई है। पोस्ट में कॉनन ओ'ब्रायन का एक वीडियो भी शामिल है, जिसमें वह ऑस्कर की मेजबानी के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते नजर आ रहे हैं। अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉनन ओ'ब्रायन का एक वीडियो साझा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा है, 'कॉनन ओ'ब्रायन आधिकारिक तौर पर आपके 97वें ऑस्कर होस्ट हैं। रविवार, 2 मार्च को शाम 7 बजे एबीसी पर इसे लाइव देखें।' ऑस्कर रविवार, 2 मार्च (3 मार्च आईएसटी) 2025 को डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाला है। ओ'ब्रायन एक अनुभवी टेलीविजन पर्सनैलिटी हैं। वह दशकों से बतौर कॉमेडियन अपने ह्यूमर और आकर्षक उपस्थिति से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। कॉनन को होस्ट के रूप में उनके दो दशक के कार्यकाल के लिए जाना जाता है, जिसमें 'लेट नाइट विद कॉनन ओ'ब्रायन', 'द टुनाइट शो विद कॉनन ओ'ब्रायन' और 'कॉनन' जैसे शो शामिल हैं। टेलीविजन में अपने शानदार पहले, उन्होंने 'सैटरडे नाइट लाइव' और 'द सिम्पसंस' के लिए एक लेखक के रूप में अपना करियर बनाया। वहीं, ऑस्कर के मेजबान की घोषणा होने के बाद अब हर किसी की निगाहें इसके नॉमिनेशन पर जा टिकी हैं।

### टॉलीवुड

## 'धोप' पर दिल खोलकर थिरके राम चरण और कियारा, रिलीज के साथ ही वायरल



'गेम चेंजर' साल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। एस शंकर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 10 जनवरी को पोंगल के उत्सव के अवसर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की भव्य रिलीज से पहले, निर्माताओं ने इसका चौथा गाना 'धोप' रिलीज कर दिया है। इस पैपी ट्रैक में राम चरण और कियारा आडवाणी की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। बीट्स झूमने पर मजबूर कर देने वाले हैं। गाने में राम चरण कियारा आडवाणी के साथ अपने बेहतरीन मूव्स दिखा रहे हैं। दोनों ने स्टाइलिश आउटफिट पहनकर नए जोशीले गाने से मंच पर आग लगा दी है। 'धोप' में ऑनस्क्रीन जोड़ी की बेजोड़ केमिस्ट्री और एनर्जी ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। विशेष रूप से, ट्रैक के अंत में अभिनेता के सिंगल डांस मूव्स जबर्दस्त हैं। गाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एक नेटिजन ने लिखा, 'यूट्यूब पर इस गाने का धमाल होगा।' दूसरे ने लिखा, 'सुपर डांस स्टेप्स, राम चरण एक लीजेंड डांसर हैं।' इसके अलावा, गाने में राम चरण के बेहतरीन डांस मूव्स के कारण 'ग्रेस गॉड' शब्द भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच, गाने को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, 'बहुत अधिक एनर्जी और हाई वोल्टेज मूव्स पैक करते हुए, सभी को गेम चेंजर के धूप मंत्र पर थिरकने दें। धूप को अब अपना कार्यभार संभालने दें।' तेलुगु संस्करण के अलावा, निर्माताओं ने ट्रैक के हिंदी और तमिल संस्करण भी जारी किए हैं। गाने को जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। धोप से पहले, निर्माताओं ने 'नाना हयाराना', 'रा माचा माचा' और 'जारागांडी' नाम से फिल्म के तीन ट्रैक लॉन्च किए थे। 'गेम चेंजर' में राम चरण मुख्य भूमिका में होंगे और कियारा आडवाणी उनके अपोजिट नजर आएंगी। 'विनय विद्या राम' के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है जो 2019 में रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## आम्रपाली को मिला प्यार में धोखा, कहा- तेरे साथ भी बर्बाद थे, तेरे बाद भी बर्बाद



जो जिंदगी में सबसे अजीज हो। वो जिसके साथ जीने और मरने की हम कसमें खाते हैं, वो जिसके बिना एक पल भी गवारा नहीं होता, अगर वो ही धोखा दे तो उसका दर्द अंतहीन होता है। भोजपुरी सुपरस्टार आम्रपाली दुबे का नया दर्द भरा गाना 'बर्बाद' इसी भाव पर बना है। खास बात ये है कि इसमें एक्ट्रेस को देखकर फैंस भी रुआंसू हो गए हैं। भोजपुरी संगीत की दुनिया में सैड सॉन्ग्स को हमेशा से खूब पसंद किया गया है। इस गाने को भी आम्रपाली के फैंस और भोजपुरी संगीत के चाहने वालों से खूब तारीफ मिल रही है। यूट्यूब पर छह दिन पहले आम्रपाली दुबे के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से यह गाना रिलीज किया गया। खबर लिखे जाने तक इसे करीब 5 लाख बार देखा जा चुका है। 'बर्बाद' के म्यूजिक वीडियो में जहां आम्रपाली दुबे के साथ तपिश शर्मा नजर आ रहे है, वहीं इसे कल्पना पटवारी ने अपनी बेहतरीन आवाज से सजाया है। गीत के बोल रहमान बिहारी ने लिखे हैं और इसका संगीत शुभम तिवारी ने कम्पोज किया है। कोरियोग्राफर प्रसून यादव हैं। गाने की शुरुआत आम्रपाली दुबे से होती है, उनकी आंखों से आंसू बह रहे हैं। चेहरे पर गुस्सा है। नाराजगी है। वह शराब पी रही हैं। सिगनेट पीती हुई दिख रही हैं।

### लाइफ स्टाइल



फर कोट का जलवा

पतझड़/सर्दियों 2024/25 के लिए रनवे पर प्लस आकार के कृत्रिम फर कोट छाये हुए है। कई स्टाइलिंग विकल्प के साथ एसे कोट मौजूद हैं। जिसमें ऐप्पल ग्रीन में गिवेंची के पेस्टल रंग के फॉक्स फर कोट को एक शहरी ठाठ लुक के लिए पतले काले टर्टल नेक स्वेटर, चमड़े की लेगिंग और टखने के जूते के साथ पहना जा सकता है। लंदन फैशन वीक की एक झलक में देखा जा सकता है फर कोट के लिए माडल्स की दीवानगी को।

## सर्दियों में चाहिए दमकती त्वचा तो ये स्किन केयर रूटीन अपनाएं

बहुत से लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं, जबकि आप साधारण तरह से भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे, साथ ही में आपका चेहरा भी चमकेगा। तो चलिए आपको बिना देर किए आपको सर्दियों में स्किन केयर रूटीन करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आप भी इसका फायदा ले सकें।


### क्लींजर है जरूरी

सर्दियों में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमेशा ऐसा क्लींजर चुनें जो त्वचा से नमी को हटाए बिना गंदगी को साफ करे। चेहरा साफ करने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचें। ज्यादा गर्म पानी से त्वचा शुष्क हो सकती है, इसलिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। 2

### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

त्वचा पर अगर सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न किया जाए तो त्वचा रूखी होने लगती है, क्योंकि सर्दियों में त्वचा को अधिक हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है। हाइलूरोनिक एसिड, शीया बटर, और ग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइजर अच्छे विकल्प हैं।

### एक्सफोलिएट करें



त्वचा की डेड स्किन को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटर का उपयोग करें। बस ध्यान रखें कि ये स्क्रब या एक्सफोलिएटर आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए। बस ध्यान रखें कि बार-बार एक्सफोलिएशन त्वचा को और शुष्क कर सकता है।

### सनस्क्रीन

लोगों को लगता है कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन लगाने की जरूरत नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है। सर्दियों में भी सूरज की किरणें हानिकारक हो सकती हैं।

## बेशकीमती होती हैं कुछ साड़ियां, एक तो चालीस लाख रुपए से भी ज्यादा की



फैशन

हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं।



साड़ियों को विदेशों में भी प्रचलित करने के लिए 21 दिसंबर के दिन साड़ी डे मनाया गया है। आपको भी भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में जानना चाहिए। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।

### कांचीपुरम सिल्क साड़ी

कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।

### बनारसी सिल्क साड़ी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला

गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इसके खास काम की वजह से ही इसे तैयार होने में 6 महीने से एक साल तक का समय लग जाता है। आमतौर पर इसकी कीमत 2 लाख से 10 लाख तक होती है।

### जरी कोटा साड़ी

राजस्थान की जरी कोटा साड़ियां अपनी हल्की बनावट और आकर्षक जरी वर्क के लिए मशहूर हैं। ये साड़ियां देखने में बेहद रॉयल लगती हैं। मूलरूप से इनकी कीमत 5 हजार रुपये से से 5 लाख तक होती है। इस तरह की साड़ियां ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह में पहनना पसंद करती हैं।

## बिना डाई के ऐसे काले करें अपने बाल, कम उम्र के लोगों के काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे

आजकल की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ने लगा है। खासतौर पर प्रदूषण की वजह से बाल काफी कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में बालों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। कई बार तो बालों का ध्यान रखने के बावजूद बहुत से युवा कम उम्र में ही बालों के सफेद होने से परेशान रहते हैं। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल अपने आप काले होने लगेंगे। हालांकि इन चीजों के इस्तेमाल से बाल पूरी तरह से काले नहीं होते, लेकिन हां थोड़ा-बहुत इनका असर जरूर दिखता है।

### आंवला इस्तेमाल करें

आंवला में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को न सिर्फ काला करते हैं, बल्कि उन्हें आंतरिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। ऐसे में चाहें तो आंवले के तेल से बालों की नियमित मालिश करें। इसके अलावा आप आंवला पाउडर को पानी में उबालकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से भी बाल काले हो सकते हैं।



### करी पत्ता और नारियल तेल

करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को मजबूत बनाने और काला करने में मदद करेंगे। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें। इस तेल से हफ्ते में 2-3 बार मालिश करें। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

### भृंगराज तेल

भृंगराज को केश राजा कहा जाता है। ऐसे में भृंगराज तेल से सिर की मालिश करें। आप भृंगराज पाउडर को पानी में मिलाकर मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपके बाल प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

## चेहरे पर कोल्ड क्रीम लगाने का सही तरीका जरूर जानिए, मिलेगी तारीफ

सर्दी के मौसम में हर कोई त्वचा का रूखेपन से परेशान रहता है। इस रूखेपन को दूर करने के लिए लोग कई तरह के बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। बाजारों में आजकल हर स्किन टाइप के हिसाब से क्रीम मिल जाती है, जो त्वचा संबंधी कई परेशानियों को दूर करती हैं। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम भी त्वचा के रूखेपन को दूर नहीं कर पाते। ये आपकी लापरवाही की वजह से हो सकता है।

### चेहरा साफ करें

कोल्ड क्रीम या फिर कोई सी भी क्रीम लगाने के पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड फेसवॉश से धो लें। चेहरे को धोने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा जरूर लें, ताकि क्रीम चेहरे पर सही से सेट हो जाए।

### डॉट्स में लगाएं

अक्सर लोग क्रीम को सीधा हाथ में लेते हैं और उसे चेहरे पर रगड़े लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्रीम को हमेशा चेहरे पर डॉट्स की तरह माथे, नाक, गाल, और ठुड्डी पर लगाएं। फिर इसे हल्के हाथ से रब



करें।

### सर्कुलर मोशन में मसाज करें

क्रीम को अपनी उंगलियों पर लेकर चेहरे की सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। आंखों के आसपास क्रीम लगाते समय ध्यान रखें कि क्रीम आंखों के अंदर न जाए, वरना आपको परेशानी हो सकती है।

### कार्नर न्यूज

#### खास मौके के लिए खुद को करें बेहतरीन ढंग से स्टाइल

## नए साल से पहले 31 दिसंबर की पार्टी के लिए पहनें ऐसे कपड़े, कड़ाके की ठंड में मिलेगा आकर्षक स्टाइल

*नए साल के स्वागत के लिए लोग 31 दिसंबर को रात पार्टी करते हैं। दिसंबर और जनवरी कड़ाके की ठंड का समय है। इस दौरान बेहद सर्द हवाएं चलती हैं। अब अगर इतनी सर्दी में घर से बाहर पार्टी करने जा रहे हैं तो ठंड से बचाव भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य पर असर न पड़े। इसके लिए सर्दियों वाले कपड़े, जैसे स्वेटर, कोट, जैकेट आदि पहनकर ही घर से निकल सकते हैं। लेकिन ये आपका लुक खराब कर देंगे। पार्टी में स्टाइलिश लुक चाहिए और सर्दी से बचना भी है तो कुछ ऐसे फैशन हैक्स हैं जो काम आ सकते हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल की पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो खुद को इस तरह से लड़कियां स्टाइल कर सकती हैं और सर्दी से भी बच सकती हैं।*



### लेदर ट्राउजर

ब्लैक लेदर ट्राउजर सर्दियों में पार्टी के लिए ग्लैमरस आउटफिट में गिनी जा सकती है। इस तरह की पैंट या ट्राउजर के साथ आप ऑफ शोल्डर वूलन टॉप, शिमर शॉर्ट ब्लेजर, डीप नेकलाइन कोट या वुलन पुलओवर पहन सकती हैं। ये स्टाइलिश भी लगता है और सर्दी में आपके शरीर को गर्माहट भी देता है।

### सर्दियों की पार्टी के लिए स्कर्ट

मिनी स्कर्ट के साथ लैदर जैकेट आपको बोल्ड लुक दे सकता है। अगर आप मिनी स्कर्ट पहन रही हैं तो लॉन्ग नी लेंथ बूट्स से खुद को स्टाइल करें। सर्दी से बचने के लिए हिक टाइट या लेगिंग पहन सकती हैं। इसके अलावा नी लेंथ टेनिम स्कर्ट के साथ स्टाइलिश वुलन टॉप, पुलओवर पहन सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में स्कार्फ या मफलर को जोड़ा जा सकता है। बूट या शूज पहन सकती हैं।

### लॉन्ग कोट

शार्ट स्कर्ट, मिनी ड्रेस या डेनिम पैंट्स के साथ लॉन्ग कोट को कैरी कर सकती हैं। लॉन्ग कोट आपके लुक को अधिक प्रभावशाली बनाता है और शरीर को गर्माहट भी देता है।



स्वेटर, स्वेटशर्ट या ड्रेस के साथ लॉन्ग कोट को पहनकर पार्टी में जा सकती हैं।

### टोपी और स्कार्फ

किसी पार्टी के लिए स्टाइलिश लुक केवल आउटफिट पर ही निर्भर नहीं करता है। आप अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए बो हेयर पिन, इस तरह की विंटर कैप, हाई हील बूट्स या शूज, वुलन स्कार्फ को अपना सकते हैं। ये आपको एक बेहतर और आकर्षक लुक दे सकते हैं।